RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 263 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 1 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

जितनी एकता आदिवासी दिवस मनाने में दिखती है उससे ...



पेज -2 पर

अधिमान्यता समिति में जिले से तीन वरिष्ठ पत्रकार शामिल

## छत्तीसगढ़ के स्टील उद्योगों में कोल संकट

सीएम भूपेश ने केंद्रीय मंत्री से मांगी मदद, हर महीने 1.50 करोड़ टन की जरूरत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्टील उद्योगों में कोयले का संकट गहराने लगा है। स्टील उद्योग को हर महीने एक करोड़ 50 लाख टन कोयले की जरूरत है, लेकिन साउथ ईस्ट कोल फील्ड्स लिमिटेड (SECL) उन्हें केवल 60 लाख टन कोयले की आपूर्ति कर रही है। अगस्त माह में कोयले की आपूर्ति रोकने की बात कही जा रही है।



जिससे उद्योगों में तालाबंदी की नौबत आ जाएगी और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। कोयला उत्पादक राज्य को उसके ही लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना दुर्भाग्यजनक निर्णय होगा। सीएम भूपेश बघेल ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर मदद मांगी है।

सीएम भूपेश बघेल ने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिवर्ष 15 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन होता है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। प्रदेश में कोयले का खनन कर देश के दूसरे राज्यों को भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य है। राज्य में अनेक बड़ी स्टील उत्पादक इकाइयों के अलावा सैकड़ों छोटी इकाइयां संचालत है। इन उद्योगों में लाखों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। पिछले 6 महीनों से देश में कोयले का संकट गहराया है। छत्तीसगढ़ के कोल माइंस से कोयला खनन कर प्राथमिकता के आधार पर रेल मार्ग से दूसरे राज्यों में कोयले की सप्लाई की जा रही है। कोल परिवहन की वजह से प्रदेश की यात्री ट्रेनों को बंद किया गया, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### कोयला नहीं मिलने से उद्योगों में तालाबंदी की नौबत

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कोल संकट के कारण ही प्रदेश के स्टील उद्योगों (पावर प्लान्ट्स को छोड़कर) को एसईसीएल द्वारा अगस्त माह से कोयले की आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। पावर प्लांट को छोड़कर अन्य छोटी-बड़ी इकाइयों में तालेबंदी की नौबत आ जाएगी। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि ''प्रदेश के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी डिमांड लगभग 1.50 करोड़ टन है। कोयला उत्पादक राज्य को उसके ही लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना दुर्भाग्यजनक निर्णय होगा। केंद्रीय मंत्री, इस संबंध में SECL के अधिकारियों को निर्देश दें, ताकि राज्य में गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न होने से रोका जा सके।

शिविर खत्म अब सियासत शुरू

## 2023 में हम छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएंगे- विष्णुदेव साय




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहा भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम रविवार को खत्म हुआ। सभी नेताओं ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस को हर मोर्चे पर घेरने के संकल्प के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि ये कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नए सिरे से एक्टिव करेगा।

साय ने बताया कि यहां जनता के मुद्दों को उठाने, सोशल मीडिया के इस्तेमाल, जनता के बीच आंदोलनों जैसे 15 टॉपिक्स पर दिल्ली से आए एक्सपर्ट नेताओं ने बात-चीत की। हमलोग सरकार को सेवा का माध्यम मानते हैं। इस कार्यक्रम में हमारे प्रदेश के नेता कार्यकर्ता, सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ, जिलों के अध्यक्ष शामिल हुए।

**एक नजर**

### कांग्रेस नेता ने की युवती से छेड़छाड़



**रायपुर।** कांग्रेस के नेता संजीव अग्रवाल और गुढ़ियारी इलाके की एक युवती के बीच जारी विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। लड़की से छेड़छाड़, अश्लील हरकत करने के आरोप झेल रहे संजीव को अदालत ने राहत नहीं दी है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने इस मामले में संजीव को जमानत देने से इनकार कर दिया है। संजीव अग्रवाल की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए याचिका दी गई थी।

जिस लड़की ने संजीव अग्रवाल पर ये आरोप लगाए उसका कहना है कि गंज थाने में इस मामले पर स्नङ्कक्रदर्ज है। मगर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। लड़की ने इसे लेकर रायपुर आईजी और कलेक्टर से भी मुलाकात की है। लड़की का दावा है कि संजीव अग्रवाल ने थाने को भी अपने प्रभाव में ले लिया है। मुझे उससे जान का खतरा है। पुलिस इसे गिरफ्तार नहीं कर रही है। दरअसल संजीव कांग्रेस से जुड़े हैं, रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं। दो सप्ताह पहले युवती ने संजीव अग्रवाल के खिलाफ स्नङ्कक्र दर्ज करवाई। लड़की का दावा है कि संजीव अग्रवाल का एक फायनेंस ऑफिस भी चलाता है। वो वहां लोन का आवेदन देने गई थी।

## मछली पालन को कृषि का दर्जा के साथ मछुआरों की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्य : भूपेश बघेल

*रायपुर। जब से हमारी सरकार बनी समाज के हर वर्ग के चाहे वह कृषक हो या मजदूर हो सभी वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य किए गए है। मछुआरा वर्ग की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए। मछली पालन नीति बनाई। हमने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया है, जिससे अब मछुआरों को शून्य प्रतिशत पर ऋण की सुविधा मिल रही है।*



मत्स्य पालकों को अब कृषकों जैसी तमाम सुविधाएं मिलने लगी है। इससे प्रदेश के मछली पालक मछुवारें तेजी से आगे बढ़ेंगे, जीवन स्तर में भी सुधार आएगा और मत्स्य पालन के क्षेत्र में पूरे देश में आगे बढ़ेंगे। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित धीवर समाज के महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने धीवर समाज को जमीन आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने के लिए मदद देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने धीवर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य की औसत मत्स्य उत्पादकता 4000 मेट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो चुकी है। प्रगतिशील मत्स्य कृषक उन्नत प्रजातियों का पालन करके प्रति हेक्टेयर 8000 से 10,000 मेट्रिक टन तक उत्पादन करने लगे हैं। छत्तीसगढ़ की प्रकृति और यहां का वातावरण मछली पालन के लिए पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा है कि हमारे राज्य की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि यहां मत्स्य पालन व्यवसाय के लिए बहुत संभावनाएं हैं। अब प्रदेश में मछली के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। शासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है मछली उत्पादन में वृद्धि हो। अब गांवों के साथ-साथ बड़े-बड़े बांधों को भी मछली पालन के लिए प्रयोग किया जाने लगा है।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना से 2 की मौत, 24 घंटे में 658 नए मरीज मिले

एक्टिव केस 3440, पॉजिटिविटी दर 6.44 प्रतिशत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश में 658 नए मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा 751 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। कोरोना से धमतरी और कोरबा जिले में 1-1 संक्रमित की मौत भी हुई है। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने टेस्टिंग बढ़ाने, कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शनिवार को 10 हजार 216 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 658 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर में जिले में सबसे ज्यादा 162 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 462 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 30 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.59त्न से बढ़कर 6.44त्न हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 66 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 65 हजार 683 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में 14 आईएएस को नई जिम्मेदारी

रेणु को प्रशासनिक अकादमी, पिगुआ को वन और गृह, सुब्रत को पंचायत विभाग




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 14 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कुछ के विभागों की जिम्मेदारी बदली गई है, तो कुछ को पूरी तरह से नए विभागों की जवाबदारी सौंपी गई है। यह तबादला आदेश महानदी भवन मंत्रालय से शनिवार शाम को जारी किया गया। सूची में आलोक शुक्ला, रेणु जी पिल्ले, सुब्रत साहू, मनोज पिगुआ जैसे वरिष्ठ आईएएस शामिल हैं। आलोक शुक्ला प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग, अतिरिक्त प्रभार प्रमुख सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार रहेंगे। उन्हें प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया है। बाकी प्रभार यथावत रहेंगे।

रेणु जी पिल्ले को खेल एवं युवा कल्याण विभाग का अपर मुख्य सचिव और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का भी अपर सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अब वह छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकादमी की महानिदेशक भी होंगी। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को उनके अतिरिक्त प्रभार में से अपर मुख्य सचिव वन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से मुक्त करते हुए अब पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का भी अपर मुख्य सचिव बनाया गया है।

## छत्तीसगढ़ के 13 लोग जम्मू-कश्मीर में बंधक

ईंट भट्ठे में काम कराने ले गया दलाल, अब पैसे भी नहीं दे रहा; बच्चे की तबीयत बिगड़ी



**जांजगीर/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के 13 लोगों को जम्मू-कश्मीर में बंधक बना लिया गया है। ये लोग जांजगीर-चांपा और रायगढ़ के रहने वाले है। इन्हें मजदूर दलाल ईंट भट्ठे में काम कराने के बहाने ले गया था। वादा था अधिक पैसे दिए जाएंगे। मगर ना तो अब इन्हें मजदूरी दी जा रही है, ना ही कहीं बाहर निकलने दिया जा रहा है। सबसे परेशानी की बात ये है कि इनमें से एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बावजूद कोई वहां पर ध्यान नहीं दे रहा है।

इन मजदूरों ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से दैनिक भास्कर से मदद की गुहार लगाई है। जिन मजदूरों को बंधक बनाया गया है। उनमें जांजगीर जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र के जर्वे गांव और मालखरौदा के लोग शामिल हैं। वहीं रायगढ़ के खरसिया के लोग भी इन 13 लोगों में शामिल हैं। बताया गया है कि जैजैपुर इलाके का रहने वाला उमेंद्र नारंगे 19 मई को इन्हें अपने साथ ले गया था। इनसे वादा किया गया था कि काम करने के बाद हर महीने अच्छे पैसे मिलेंगे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। इतना ही नहीं इन्हें डराया धमकाया जा रहा है। वीडियो संदेश में इन मजदूरों ने बताया कि हमें पैसा का लालच देकर लाया गया, लेकिन पैसे नहीं दिए जा रहे हैं। दूसरी बात एक बच्चे की तबीयत बिगड़ गई है, पर ये लोग मदद ही नहीं कर रहे। ऊपर से डराते धमकाते हैं। हमारी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। हमें बाहर तक नहीं जाने दिया जाता है। हमें बड़गांव थाना के डांगरपुरा, गांव में रखा है। ईंट भट्ठे के ठेकेदार कौन है, यह भी हमें नहीं पता है। बस अब हम चाहते हैं किसी तरह से यहां से हमें छुड़ा लिया जाए। यहां हम लोग काफी परेशान हैं। हमारे साथ मारपीट भी की जाती है।

**गोधन योजना** कहा यह देश में सबसे अच्छा बॉटम-अप एप्रोच है

## पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान और गोधन न्याय योजना को सराहा

*रायपुर। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान और गोधन न्याय योजना की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि गौठान और गोधन न्याय योजना के माध्यम से ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पशुधन, खेती-किसानी और आजीविका को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है।*



### महिला समूहों की आजीविका मूलक गतिविधियों की प्रशंसा की



छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल देश में सबसे अच्छा बॉटम-अप एप्रोच है। श्री राजन ने कहा कि इसके माध्यम से हम न सिर्फ खेती-किसानी और आजीविका का बेहतर समाधान प्राप्त कर सकते है, बल्कि इसके जरिए रासायनिक खाद और कीटनाशक का खेती में अंधाधुंध तरीके से हो रहे उपयोग से भूमि की घटती उर्वरा शक्ति, खाद्यान्न पदार्थों की विषाक्तता, पर्यावरण को हो रहे नुकसान और ग्लोबल वार्मिंग जैसी कई समस्याओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं। श्री राजन ने यह बाते रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम नवागांव (ल) में आदर्श गौठान और वहां महिला समूहों द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों के मुआयना के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, प्रोफेसर राजीव गौड़ा एवं सुश्री यामिनी अय्यर, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि मित्तल सहित अन्य अधिकारी उनके साथ थे।

छत्तीसगढ़ में IPS ट्रांसफर

## रायपुर आईजी ओपी पाल हटाए गए, बीएन मीणा को जिम्मेदारी, रामगोपाल डीआईजी राजनांदगांव रेंज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (IPS) संवर्ग के 3 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी का आदेश जारी किया है। वहीं आईपीएस बद्री नारायण मीणा अब रायपुर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। उन्हें दुर्ग के साथ रायपुर के अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अब तक रायपुर के आईजी रहे ओपी पाल को पुलिस हेडक्वार्ट्स में एंटी नक्सल ऑपरेशन और एसआईबी का आईजी बनाया गया है।

गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से जारी आदेश के मुताबिक 4 अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है। आदेश के मुताबिक रायपुर आईजी ओपी पाल को पुलिस मुख्यालय बुलाया गया है। उन्हें नक्सल ऑपरेशन और एसआईबी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दुर्ग संभाग के आईजी बद्री नारायण मीणा को दुर्ग के साथ रायपुर आईजी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। ओपी पाल और बद्रीनारायण मीणा रायपुर के पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं। आईपीएस रामगोपाल गर्ग को पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पुलिस मुख्यालय रायपुर से डीआईजी राजनांदगांव रेंज ट्रांसफर किया गया है।

# रूस के साथ लंबे युद्ध पर चीन की मौन स्वीकृति के मायने

इस बात को पांच महीने हो गए, जब पहली बार रूसी टैंक यूक्रेन के क्षेत्र में भीतर तक घुस गए थे और जब रूसी विमानों ने यूक्रेन के कस्बों और गांवों में बमबारी की थी। यह एक बर्बर खूनी युद्ध है, जिसमें संभवत: 20,000 रूसी सैनिक मारे गए हैं और इससे दोगुना यूक्रेन के सैनिक मारे जा चुके हैं। काफी संख्या में नागरिक भी मारे गए हैं। लाखों यूक्रेनियों को अपने वतन से भागकर दूसरे देशों में अस्थायी या स्थायी रूप से शरण लेने को मजबूर होना पड़ा है।

यूक्रेन की अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है; संघर्ष के खत्म होने के बाद उसे पहले जैसी स्थिति में आने में दशकों लगेंगे। आम रूसियों का जीवन और उनकी आजीविका पश्चिमी प्रतिबंधों और राष्ट्रपति पुतिन द्वारा छेड़े गए युद्ध के कारण बुरी तरह से प्रभावित हुई है। मैं रूसी सेना की बर्बरता, उनके द्वारा शहरों के पूरे ढांचे का विनाश, अस्पतालों और नागरिक ठिकानों पर उनकी बमबारी और यूक्रेनी महिलाओं पर उनके हमलों को देखकर भयभीत हो गया।

भारत के नागरिक के रूप में इस संघर्ष को देखते हुए, मैं अपने देश की सरकार की भीरुता, हमले की निंदा करने से उसके इनकार और रूसी उत्पीड़न पर उसकी चुप्पी से निराश हूं। फरवरी के आखिर में जब युद्ध शुरू हुआ, तब शायद भारत सरकार के लिए इंतजार करो और देखो की नीति अपनाना जरूरी था। यह स्पष्ट नहीं था कि युद्ध कितना लंबा चलेगा; यहां तक कि जल्द सुलह की बात भी की जा रही थी। और हजारों भारतीय विद्यार्थियों की यूक्रेन से घर वापसी स्वाभाविक रूप से शीर्ष प्राथमिकता थी। हालांकि जब मार्च के बाद अप्रैल आ गया और अप्रैल के बाद मई, और रूसी बलों की क्रूरता अधिक व्यापक हो गई, तब लंबे समय तक तटस्थ नहीं रहा जा सकता था।




> पुतिन की कार्रवाइयों को चीन के मौन समर्थन को देखते हुए, अगर हमारी सरकार ने हमले की अधिक स्पष्ट रूप से निंदा की होती, तो इससे पुतिन और उनके शासन पर वास्तविक दबाव बनाने में मदद मिल सकती थी। इससे विश्व मंच पर हमारी विश्वसनीयता भी बढ़ती।

यह स्पष्ट था कि पश्चिमी उकसावे की प्रतिक्रिया के रूप में आक्रमण की सभी बातें खोखली थीं। जिसमें जरा भी समझ होगी, तो वह देख सकता है कि पुतिन ने यह युद्ध यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने से रोकने के लिए नहीं, बल्कि इसलिए थोपा, ताकि वह उनके आगे न झुकने वाले यूक्रेनियों को सबक सिखा सकें। रूसी राष्ट्रपति को भ्रम है कि वह एक मध्ययुगीन सम्राट का आधुनिक अवतार हैं, जो रूस और उसके सभी पड़ोसियों को एक सर्वशक्तिमान नेता के अधीन एक राष्ट्र के भीतर एकजुट करना चाहता है। वह खुद और उनकी सेना इस कल्पना को हकीकत में बदलने की कोशिश कर रहे हैं, फिर यूक्रेनियों और यकीनन खुद रूसियों को भी इसकी चाहे जो कीमत चुकानी पड़े। (नवीनतम, लेकिन किसी भी तरह से पुतिन शासन की बर्बरता का यह कमतर उदाहरण नहीं है कि उसने यूक्रेन को गेहूं निर्यात करने की अनुमति देने वाले समझौते पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद ओडेसा के बंदरगाह शहर पर बमबारी कर दी।) राष्ट्रपति पुतिन मानते हैं कि यूक्रेनवासी वास्तव में रूसी हैं, चाहे उनका नाम कुछ और क्यों न हो, और इसलिए अपनी मातृभूमि से उनके एकीकृत होने की आवश्यकता है, जरूरत पड़े तो बल के दम पर भी। हालांकि, अगर इन पांच महीनों के युद्ध ने कुछ भी प्रकट किया है, तो यह है कि यूक्रेनियों के बीच राष्ट्रवाद की भावना वास्तव में बहुत गहरी है। रूसी साम्राज्यवाद के विरुद्ध यूक्रेनी प्रतिरोध को सक्रिय करने वाली राष्ट्रवाद की भावना ने कभी अमेरिकी साम्राज्यवाद के विरुद्ध वियतनाम के प्रतिरोध को प्रेरित करने वाली राष्ट्रवाद की भावना की याद दिला दी है। यह याद करना समझदारी होगी कि भारत ने, जो कि खुद एक साम्राज्यवादी ताकत के खिलाफ अपने सफल स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में एक देश के रूप में आजाद हुआ, वियतनामियों का तब तुरंत समर्थन किया था, जब उन्होंने पहले फ्रांस से और फिर अमेरिका से खुद की मुक्ति चाही थी। 1960 के दशक में अमेरिकी आर्थिक और सैन्य मदद- अकाल से निपटने के लिए आर्थिक मदद जब जरूरी थी- पर भारत की निर्भरता के बावजूद हमने अमेरिकी सरकार से यह कहने में हिचक नहीं दिखाई कि वह वियतनाम में जो कर रही है वह नैतिक रूप से गलत होने के साथ ही राजनीतिक रूप से नासमझी है।

रामचंद्र गुहा

## संपादकीय

### मुफ्त में कोई कुछ नहीं बांटता

हकीकत यह है कि कोई भी सरकार किसी नागरिक को मुफ्त में कुछ नहीं देती है। देश के नागरिक हर सेवा या वस्तु के लिए कर के रूप में कीमत चुकाते हैं। उसी पैसे से नागरिकों को कुछ सेवाएं या वस्तुएं दी जाती हैं। यह गजब बात है, जो सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह चुनावों में मुफ्त बांटने की पार्टियों की घोषणाओं पर रोक लगाने के उपाय खोजे। गजब इसलिए है क्योंकि कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगा कर इसकी मांग की गई थी, तब अदालत ने याचिका खारिज कर दी थी कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकती है। लेकिन जैसे ही प्रधानमंत्री ने 'रेवड़ी कल्चर' का मुद्दा उठा कर इस पर निशाना साधना शुरू किया वैसे ही सुप्रीम कोर्ट को लगा कि केंद्र सरकार इस पर रोक लगाने के उपाय खोज सकती है। सवाल है कि लोक कल्याणकारी राज्य में नागरिकों को कोई वस्तु या सेवा देने में क्या गलत है और इसे क्यों रोका जाना चाहिए? इसलिए सबसे पहले यह तय करना होगा कि मुफ्त बांटना या मुफ्त में कोई चीज देने की घोषणा का क्या मतलब है? एक लोक कल्याणकारी राज्य में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देने को मुफ्त में देना नहीं कहा जा सकता है। ऐसा कह कर देश के नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। उनकी गरिमा गिराई जा रही है। उन्हें मुफ्तखोर ठहराया जा रहा है, जिसके लिए पार्टियों ने लाभार्थी या नमकहलाल मतदाता जैसे जुमले गढ़ लिए हैं। हकीकत यह है कि कोई भी सरकार किसी नागरिक को मुफ्त में कुछ नहीं देती है। देश के नागरिक हर सेवा या वस्तु के लिए कर के रूप में कीमत चुकाते हैं। उसी पैसे से नागरिकों को कुछ सेवाएं या वस्तुएं दी जाती हैं।

# जितनी एकता आदिवासी दिवस मनाने में दिखती है उससे कहीं ज्यादा एकता आदिवासी अधिकारों को लागू करवाने में दिखानी होगी-बरखा लकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़- रांची।

> विश्व आदिवासी दिवस का मुख्य आदिवासी अधिकारों को पूरे विश्व के आदिवासियों के बीच में प्रोत्साहित कर फैलाना एंव संरक्षित रखना हैं। विश्व के 37 करोड़ आदिवासी जो कि 90 देशों में निवास करते है वहॉ ये थी धीरे-धीरे फैल रहा हैं।

विश्व आदिवासी दिवस मानाने का श्रेय अमेरिका के आदिवासियों को जाता है। आपको बता दें कि अमरीकी देशों में 12 अक्टूबर को हर साल कोलंबस दिवस मनाया जाता है। अमेरिकी आदिवासियों का मानना था कि कोलंबस उस उपनिवेशी शासन व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसके लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकन आदिवासियों का जनसंहार हुआ था। लिहाजा, आदिवासियों ने मांग की कि अब कोलंबस दिवस की जगह आदिवासी दिवस मनाया जाए।1977 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां पर कोलंबस दिवस की जगह आदिवासी दिवस मनाये जाने की मांग की गई। इसके बाद लगातार संघर्ष बढ़ता गया और फिर आदिवासी समुदाय ने 1989 से आदिवासी दिवस मनाना शुरू कर दिया गया। आगे जनसमर्थन मिलता गया और फिर 12 अक्टूबर 1992 को अमरीकी देशों में कोलंबस दिवस के स्थान



पर आदिवासी दिवस मनाने की प्रथा शुरू हो गई। बाद में संयुक्त राष्ट्र ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यदल का गठन किया। जिसकी पहली बैठक 9 अगस्त 1982 को जेनेवा में हुई थी। इसी बैठक के स्मरण में 9 अगस्त की तारीख घोषित की गई। अमेरिका के रेड इंडियनआदिवासियों का आन्दोलन जो कि 500 कबिलाई समूह है। इनके आन्दोलन को प्रेरणास्रोत मानते हुए आस्ट्रेलिया के आदिवासी अपने और अपनी संस्कृति के ऊपर हो रहे अत्याचार का विरोध अस्ट्रेलिया सरकार के सामने करना शुरू कर दिये नतीजा अस्ट्रेलिया सरकार को वहॉ के आदिवासियों की संस्कृ जमी, द्वीप को संरक्षित करने के लिए 22 कानून बनाए जो कि आस्ट्रेलिया के पूरे अधिकार का 40 प्रतिशत हैं। इसके साथ आस्ट्रेलिया की सरकार वहॉ के आदिवासियों की संस्कृति के पतन का जिम्मेवार मानते हुए 2007 में औपचारिक रूप से आस्ट्रेलिया के आदिवासियों से मांफी मॉगी थी। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के माओरी आदिवासी अपनी माओरी भाषा को लेकर इतना संर्घष किए कि आज उनकी श्माओरी भाषा श् विश्व की लोकप्रिय भाषाओं में से एक हैं। हम सबको को पता है कि पूरे विश्व में 20 प्रतिशत ऑक्सीजन ब्राजील के एमेजन जंगल से आती है।

ये जानते हुए भी एमेजन जंगलों में आग लगा दिया गयाए वहॉ के गुआरानी आदिवासी को अपनी जलए जंगल और जमीन से खदेड़ा जा रहा है उसको बचाने लिए वहॉ के विभिन्न आदिवासियों के द्वारा ब्राजील सरकार का कड़ा विरोध कर रहे है। पूरे विश्व में 5 हजार आदिवासी समुदाय एंव उनकी संस्कृति है। 7 हजार इनकी भाषाएॅ हैं। पूरे विश्व का 70 प्रतिशत आदिवासी एशिया महादेश में निवास करते हैं। इनका भी संर्घष जल, जंगल और जमीन का है जिसमें सबसे ज्यादा संर्घष मलेशिया के बजाऊ लाउट बंजारा समूह के आदिवासी कर रहे है ये आदिवासी पूरी तरह से समुन्द्र पर निर्भर है।

वहीं भारत के अंडमान के जारवा, ओन्गे, ग्रेट अंडमानीज, सेंटेनेलीज, शोम्पेंस और बो आदिवासियों में से सिर्फ चार समुदाय ही बचे रह गए है। अत: हमें विश्व के आदिवासियों के संर्घष को प्रेरणास्रोत मानते हुए 9 अगस्त के दिन हर आदिवासी राज्यों से राज्य जिला, तहसील, पंचायत और गॉव स्तर से सरकार के ऊपर दबाव बनाते हुए आदिवासी अधिकार को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए एक मेमोरेंडम देना चाहिए इस मेमोरेंडम में इतनी ताकत और एकता होनी चाहिए कि सरकार आदिवासी अधिकार को लागू करने में विवश हो जाए।

## मिला जुला

### 30 दिन में सीएम शिंदे का छठवीं बार दिल्ली दौरा

# मोदी कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट, जेडीयू और शिंदे गुट को मिल सकती है जगह

**नई दिल्ली।** भाजपा नेतृत्व द्वारा मिशन 2024 की रणनीति के तहत संगठन स्तर पर किए जा रहे तमाम बदलावों के बीच केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल व विस्तार की सुगबुगाहट भी है।

संसद के मानसून सत्र के बाद इसकी संभावना जताई जा रही है। विस्तार में जद (यू) व शिवसेना के बागी गुट को जगह मिल सकती है। सरकार में अभी सहयोगी दलों से कुछ ही कैबिनेट मंत्री हैं, फेरबदल होता है तो इसकी संख्या बढ़ सकती है। अभी केंद्र सरकार में पशुपति पारस कैबिनेट मंत्री और अनुप्रिया पटेल व रामदास अठावले बतौर राज्य मंत्री शामिल हैं।

बीते दिनों राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने और फिर से चुन कर न आने से जदयू के आरसीपी सिंह व भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी ने इस्तीफा दे दिया था। यह दोनों पद अभी रिक्त हैं। इनमें इस्पात मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया व अल्पसंख्यक



मामलों का मंत्रालय स्मृति ईरानी को दिया गया है।

इस बीच, शिवसेना के बागी गुट के भाजपा के साथ आने और महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उसे भी केंद्र में जगह दिए जाने की संभावना है। इससे उद्धव ठाकरे को एक और झटका देने के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाले गुट का असली शिवसेना का दावा और मजबूत किया जा सकेगा।

#### प्रभावित हो सकते हैं एक दर्जन मंत्री

केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी प्रधानमंत्री समेत 29 कैबिनेट मंत्री हैं। दो स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्रियों के साथ 47 राज्यमंत्री हैं। राज्य मंत्रियों में दो स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह व राव इंद्रजीत सिंह भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिपरिषद में छोटा फेरबदल किया जा सकता है, जिसमें अधिकतम एक दर्जन मंत्री शामिल या प्रभावित होंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रियों में अभी पांच मंत्रियों के पास तीन-तीन मंत्रालय हैं। इनमें पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, सर्वानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव व जी किशन रेड्डी शामिल हैं।

### दो बार समन मिलने पर भी नहीं हुए थे पेश

# संजय राऊत के घर सुबह-सुबह पहुंची ईडी की टीम



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम मुंबई में शिवसेना के नेता संजय राऊत के घर पर आज सुबह-सुबह पहुंच गई. पतरा चाल भूमि घोटाला मामले में दो बार बुलाने पर भी संजय राऊत ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इसलिए ईडी की टीम आज सुबह-सुबह उनके घर पर पहुंच गई। टीम इस मामले में तीन स्थानों पर सर्च कर रही है. इन तीन में से एक स्थान राउत का निवास है. ईडी की कार्रवाई जारी है. हालांकि एक बार संजय राऊत से 10 घंटे पूछताछ हो चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी आज सुबह करीब 7 बजे शिवसेना नेता संजय राउत के आवास पर पहुंचे. उनसे राउत से पतरा चाल भूमि घोटाला मामले में पूछताछ की जा रही है।

#### संजय राऊत पर ईडी की कार्रवाई का क्या है पतरा चाल कनेक्शन?


ईडी के मुताबिक पतरा चाल के 672 परिवारों के पुनर्वास के लिए सोसायटी, म्हाडा और गुरू आशीष कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीच करार हुआ था। गुरू आशीष कंपनी के डायरेक्टर HDIL के राकेश वाधवान, सारंग वाधवान और प्रवीण राउत थे. कंपनी पर आरोप है कि उसने म्हाडा को गुमराह कर वहां की स्नस्ढ्ड पहले तो 9 दूसरे बिल्डरों को बेचकर 901 करोड़ जमा किए, फिर मिडोज नाम से एक नया प्रोजेक्ट शुरू करके 138 करोड़ रुपये फ्लैट बुकिंग के नाम पर वसूले। लेकिन 672 असली किरायेदारों को उनका मकान नहीं दिया। इस तरह कंपनी ने 1039.79 करोड़ बनाए।

### 'देशद्रोही' कहे जाने पर बिफरे शिंदे

# कहा- बोलना शुरू किया तो भूकंप आ जाएगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने गुट के नेताओं को 'देशद्रोही' कहे जाने पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर एक बार फिर तीखा हमला हमला बोला है। उद्धव ठाकरे के परोक्ष रूप से चेतावनी देते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि अगर उन्होंने बोलना शुरू किया तो भूकंप आ जाएगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस से हाथ मिलाने के ठाकरे के फैसले पर सवाल उठाते हुए शिंदे ने यह भी कहा कि वह जानते हैं कि दिवंगत शिवसेना नेता आनंद दिघे के साथ क्या हुआ था। एकनाथ शिंद ने अपने गुरु दीघे की जिक्र करते हुए कहा कि मैं धर्मवीर





के साथ जो हुआ उसका गवाह था। दीघे की गिनती शिवसेना के काफी उत्साहित नेताओं में होती थी, उनकी साल 2002 में एक सड़क दुर्घटना में मौत में हो गई थी। जब से शिवसेना के विधायक दो गुटों में बटे हैं तब उद्धव ठाकरे शिंदे गुट में शामिल विद्रोहियों को देशद्रोही कह कर संबोधित करते हैं।

# MLAs के पास से नकदी बरामद होने पर कांग्रेस का आरोप- झारखंड सरकार गिराने के लिए 'ऑपरेशन लोटस'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा पर झारखंड में 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए सरकार को गिराने का आरोप लगाया है। कांग्रेसियों का कहना है कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में पार्टी के तीन विधायकों के पास से बड़ी मात्रा में कैश बरामदी के बाद यह साफ हो गया है। मालूम हो कि कांग्रेस पहले भी भाजपा पर हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अपनी गठबंधन सरकार को गिराने की कोशिश का आरोप लगाती रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट करके कहा, %झारखंड में भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' हावड़ा में एक्सपोज हो गया। दिल्ली में 'हम दो' का गेम प्लान अब झारखंड के लिए है, जो कि उन्होंने महाराष्ट्र में E-D जोड़े को लाकर किया।' मालूम हो कि जयराम E-D के जरिए महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे और देवेंद्र





फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से इशारा कर रहे थे।

**नकदी गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ी-** झारखंड से कांग्रेस के तीन विधायकों को शनिवार रात पुलिस ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रोका। उनके वाहन से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर जिस वाहन में विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छाप और नमन बिक्सल कोंगरी सवार थे, उसे पांचला पुलिस थाना क्षेत्र के रानीहाती में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर रोका गया।

हावड़ा (ग्रामीण) की पुलिस अधीक्षक स्वाति भांगलिया ने कहा, %हमें सटीक सूचना मिली थी कि काले रंग की एक कार में भारी मात्रा में पैसा ले जाया जा रहा है। हमने वाहनों की तलाशी शुरू कर दी और इस कार को रोका, जिसमें तीन विधायक सवार थे। कार से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई है।

# मनोरा विकासखंड में जनपद पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न

## श्रम दान के माध्यम से कार्यालय सहित अन्य स्थानों का किया गया साफ-सफाई





जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनोरा विकासखंड में आज जनपद पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अनिल तिवारी, तहसीलदार, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा वन अधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, कोविड टीकाकरण, गोधन न्याय योजना, एनजीजीबी गोबर खरीदी, नरेगा के कार्य, वन पट्टाधारियों के भूमि पर नरेगा द्वारा भूमि समतलीकरण, कुआं,डबरी, तालाब,पशु शेड इत्यादि कार्य कराने और वृक्षारोपण तथा जल संवर्धन विषय पर समीक्षा की गई। बैठक समाप्ति पश्चात व्यापक रूप से फैल रहे गाजर घांस एवं अन्य अनुपयोगी पोधे तथा कुड़ा कचड़ा को श्रम दान से समाप्त करने का अभियान का प्रारम्भ करते किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय और मनोरा मुख्य सड़क के किनारे गाजर घास,, अन्य अनुपयोगी पौधे का श्रम दान से सफाई भी किया गया। बैठक एवं श्रम दान में ग्राम पंचायत के समस्त सचिव, रोजगार सहायक, आरईएस एसडीओ उप अभियन्ता, तकनिकी सहायक, पीएमएवाई के ब्लाक सम्वयक, एडीईओ, बीपीएम, एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आश्रम छात्रावास भ्रष्टाचार का केंद्र बना, आदिवासी छात्रों का किया जा रहा है शोषण - महेश गागड़ा

**बीजापुर** । बालक आश्रम तामोड़ी के एक छात्र की मलेरिया से मौत के बाद पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार की मलेरिया मुक्त प्रसार-प्रसार व सर्वे पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए स्थानीय विधायक व जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाया है। गागड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की प्रकल्पना रही आदिवास बच्चों को आवासीय शिक्षा देने की, जिस पर कांग्रेस की सरकार आते ही ग्रहण लग गया है। मलेरिया से हुई छात्र की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होनें कहा कि जिला प्रशासन आज पर्यंत तक पोटाकेबिन आश्रमों की व्यवस्थाओं का जायजा नही लिया है, सरकार बदलने के बाद से ही आश्रम पोटाकेबिन सिर्फ और सिर्फ सामग्री सप्लाई का केंद्र बना हुआ है यहां सिर्फ ठेकेदार, विधायक व प्रशासन का कमाई का जरिया बनकर रह गया है। गागड़ा ने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तब से मलेरिया व अन्य रोगों से ग्रसित हो रहे बच्चों के खानपान, शिक्षा व्यवस्था व स्वास्थ्य की नियमित जांच के लिए स्थानीय विधायक की ओर से व प्रशासन की तरफ से कोई देखरेख नही की गई है। उन्होने कहा कि आदिवासी बच्चों को आवसीय शिक्षा देने की पूर्व सरकार की प्रकल्पना थी जिस पर अब पलीता लगाते हुए बच्चों के भविष्य को अधर में छोड़ दिया गया है बच्चे बेमौत मरे सरकार और विधायक को कोई फर्क नही। पिछले दो वर्षों में सरकार एक ओर बस्तर में मलेरिया मुक्त का नारा देती है, व तमाम सर्वे में मलेरिया से निजात की बात की जाती है वहीं दूसरी ओर मलेरिया से होने वाली मौत सरकार की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। स्थानीय विधायक व प्रशासन को चाहिए कि वे व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बेहतर करे, इस प्रकार से आदिवासी बच्चों को मौत के मुंह में नही छोड़ सकते। संबंधित विभाग के जिम्मेदार जिले के उन संस्थाओं तक पहुंचकर वहां की स्थितियों का जायजा ले खानापूर्ति से समस्यओं का समाधान नहीं होगा। मलेरिया से छात्र दिनेश की मौत के बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला भाजपा उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू के साथ भाजपा पदाधिकारी तामोड़ी आश्रम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर छात्र की मौत पर हुई लापरवाही को जानने का प्रयास किया।

## राज्य में 31 लाख 38 हजार हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

राज्य में खरीफ फसलों की 31 लाख 37 हजार 860 हेक्टेयर बुआई हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 65 प्रतिशत है। अब तक खरीफ फ सलों के तहत सर्वाधिक 21 लाख 64 हजार 710 हेक्टेयर में धान की बोता बोनी हुई है। जबकि 44 हजार 530 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो चुकी है। इसके अलावा मोटे अनाज की 2 लाख 16 हजार 890 हेक्टेयर में, दलहन की 1 लाख 40 हजार 580 हेक्टेयर में, तिलहन की 82 हजार 930 हेक्टेयर में तथा सब्जी एवं अन्य फ सलों की 87 हजार 450 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में धान की 2 लाख 61 हजार हेक्टेयर मेंए मक्का की 1 लाख 66 हजार 20 हेक्टेयर में, कोदो कुटकी की 49 हजार 730 हेक्टेयर में, रागी की 1140 हेक्टेयर में इस प्रकार अनाज की कुल बोनी 28 लाख 26 हजार 900 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 74 प्रतिशत है। राज्य में दलहन फसलों की कुल बोनी एक लाख 40 हजार 580 हेक्टेयर में हुई है। जिसमें अरहर 85 हजार 720, मूंग 8160 हेक्टेयर मेंए उड़द 46 हजार 350 हेक्टेयर में तथा कुल्थी की 350 हेक्टेयर में बुआई शामिल है। तिलहन फ सलों की बोनी 82 हजार 930 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें मुंगफली 38 हजार 310 हेक्टेयर में, तिल 8210 हेक्टेयर, सोयाबीन 36 हजार 410 शामिल है। साग-सब्जी और अन्य फसलों की बुआई 87 हजार 485 हेक्टेयर में पूरी कर ली गई है।

राज्य में चालू खरीफ सीजन में 5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की प्रचलित किस्मों के स्थान पर सुगंधित धानए जिंक धान, जैविक धान,मक्का, कोदो.कुटकी, दलहन और तिहलन की फ सलों के साथ.साथ गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के विशेष कार्यक्रम संचालित है। एक लाख 88 हजार 356 हेक्टेयर में प्रचलित धान के बदले अन्य फ सलों के खेती के लिए 3 लाख 54 हजार 868 किसानों ने सहमति दी है। अब तक 38 हजार 442 किसानों द्वारा 25 हजार 549 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना एवं अन्य उद्यानिकी फ सलों की बुआई भी पूरी कर ली गई है।

## मृतक बालक के परिजनों से मिले कलेक्टर, प्रभारी अधीक्षक को किया निलंबित

**बीजापुर** । बालक आश्रम तामोड़ी में मलेरिया के कारण कक्षा दूसरी के छात्र की मृत्यु होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा आश्रम पहुंचकर मृतक बालक के परिजनों से मिले और इस दु:ख की घड़ी में परिजनों को सात्वनां दिया। वहीं लापरवाही बरतने वाले प्रभारी अधीक्षक मोतीराम कड़ती को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। आश्रम में 03 बच्चों को मलेरिया पॉजिटिव होने की बात पता चलने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया। कलेक्टर श्री कटारा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रशांत कुशवाह को सभी आश्रम अधीक्षकों को तत्काल मीटींग कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने एवं इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने को कहा है। वहीं जिले के सभी आश्रमों में साफ-सफाई मच्छरदानी का अनिवार्यत: उपयोग एवं दवाई का छिड़काव करने के निर्देश दिए। भैरमगढ़ बीएमओ डॉ. आदित्य साहू को सभी आश्रम एवं पोटाकेबिन में उपस्थित सभी बच्चों का शत प्रतिशत मलेरिया जांच कराने एवं मलेरिया पॉजिटिव बच्चों को आश्रम मे न रखते हुए तत्काल अस्पताल में भर्ती कर डाक्टरों की निगरानी में बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने मलेरिया के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय को सख्ती से अमल में लाने के निर्देश दिए हैं। भैरमगढ़ बीएमओ डॉ. आदित्य साहू ने बताया कि कुल 06 आश्रम और पोटाकेबिन है, जिसमें 03 आश्रम का मलेरिया जांच हो चुका है, शेष बचे आश्रम एवं पोटाकेबिन में शत-प्रतिशत जांच कर बेहतर उपचार किया जाएगा।

## राज्य में खाद बीज और औषधियों की गुणवत्ता की जांच अभियान जारी

बीज.खाद के अमानक नमूनों के लॉटो का विक्रय प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देशानुसार खाद.बीज एवं पौध संरक्षण औषधि की गुणवत्ता की जांच का अभियान राज्य के सभी जिलों में जारी है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में लगातार बीजए खाद और औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। चालू खरीफ सीजन में अब तक बीज के 80 नमूने तथा रासायनिक उर्वरक के 62 नमूने अमानक पाए गए हैं। जिनके लाट के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के साथ ही संबंधित फर्मों को नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चालू खरीफ सीजन में बीज के अब तक 2686 नमूने लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। जिसमें से 2554 सैंपल मानक स्तर के तथा 80 सैम्पल अमानक पाए गए हैं। बीज के 52 नमूनों का परीक्षण अभी प्रक्रिया में हैं। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच.पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा राज्य के विभिन्न उर्वरक विक्रेता फ र्मों से अब तक 1472 नमूने लिए गए हैं। जिसमें से 1135 नमूनों की जांच में 1073 नमूने मानक स्तर के तथा 62 अमानक पाए गए हैं। शेष 315 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है। अमानक बीज एवं खाद के लाट के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह कीटनाशक औषधियों के 23 नमूने लिए गए हैए जिसमें से 17 नमूने की रिपोर्ट मानक पायी गई है। शेष 4 सेम्पल निरस्त हो गए हैं। जबकि 2 नमूने की गुणवत्ता रिपोर्ट प्राप्त होना बाकी है।

## एक नजर

### नगर पालिका परिषद के सब्जी मंडी के शेड में अन्य कारोबारियों को अन्यत्र स्थान में व्यापार करने के दिये गए निर्देश

वर्तमान में सब्जी मंडी शेड में अन्य कारोबारियों का नहीं कब्जा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जुलाई 2022 को नगर पालिका परिषद के सब्जी मंडी शेड में सब्जी विक्रेताओं के स्थान पर अन्य कारोबारियों के द्वारा स्थान कब्जा किया गया था। उक्त स्थान को नगर पालिका जशपुर के द्वारा निरीक्षण कर सब्जी विक्रेताओं के लिए खाली कराया गया। साथ ही अन्य कारोबारियों को अन्यत्र स्थान संचालित करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया है कि वर्तमान में सब्जी मंडी शेड में अन्य व्यापारियों का कोई कब्जा नहीं है।

### सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

**कोरबा** । अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा से जुलाई माह में कार्यालय सहायक श्रेणी-एक गोवर्धन प्रसाद तिवारी एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक संतोष कुमार सिहानी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन.कोसरिया द्वारा उनके कार्य के प्रति समर्पण व लगन के लिए पॉवर कंपनी की ओर से आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया के हाथों सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामजी सिंह, एसएन. देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त तिवारी एवं सिहानी को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। दोनों ही कर्मचारियों द्वारा अपने सेवाकाल में मिले अनुभवों को साझा कया गया। तिवारी की 03 अगस्त 1982 को केटीपीएस कोरबा पूर्व में पहली नियुक्ति हुई थी। उन्होंने विद्युत बोर्ड एवं पॉवर कंपनी में 39 वर्ष 11 माह 28 दिन की सेवाएं दी हैं। जबकि सिहानी की 29 जनवरी 1985 को प्रथम नियुक्ति हुई थी। उन्होंने विद्युत बोर्ड एवं पॉवर कंपनी में 37 वर्ष 6 माह दो दिन की सेवाएं दी हैं।

कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस. टेकाम द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एन. लकरा, लोचन सिंह, एनके घृतलहरे, एस. जार्ज, वरिष्ठ रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंशी, प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत, लेखाधिकारी विकास कुमार जैन समेत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के आयोजन में रामनारायण राठौर का विशेष सहयोग रहा।

### 192 प्रतिबंधित कैप्सूल एवं 15 नशीले इंजेक्शन जप्त

एक आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के निर्देश पर कोरबा जिले में ऑपरेशन निजात अभियान चलाने की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों का मीटिंग लेकर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की बिक्री न करने की समझाइश दी गई है एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । साथ ही अवैध नशे के कारोबार में लगे अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है । पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह से मिले निर्देश के अनुपालन में पुलिस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में कोरबा जिले में अवैध नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में रामपुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू को सूचना मिला की पोड़ीबहार निवासी चेतन कश्यप अपने घर में भारी मात्रा में नशीली टेबलेट एवं इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर चेतन कश्यप के घर पर जाकर दबिश दी गई, जिसके पास से 18 स्ट्रिप में स्पास्मो प्रॉक्सीवोन नामक टेबलेट कुल 144 नग, 6 स्ट्रिप में पाइवोन स्पास प्लस 48 नग कुल 192 नग टेबलेट एवं पेंटाजोसिन इंजेक्शन 15 नग बरामद हुआ। जिसे विधिवत कार्यवाही कर धारा 22 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### वाणिज्यिक कर मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**कांकेर** । प्रदेश के वाणिज्यिक कर ( आबकारी) , वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा 01 अगस्त सोमवार को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रात: 10 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे कांकेर पहुंचेंगे और दोपहर 01.45 बजे सर्किट हाउस कांकेर से प्रस्थान कर नरहरपुर विकास खंड के ग्राम बरकई पहुंचेंगे तथा कांवड़ियों के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे तत्पश्चात रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## गणेश शंकर विधार्थी पत्रकारिता अलंकरण समारोह संपन्न




जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में राजधानी रायपुर में गणेश शंकर विधार्थी पत्रकारिता अलकरण समारोह का आयोजन किया गया। पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवक दिवान के मुख्य आथ्यि में आयोजित समारोह में प्रदेश महासचिव सुनील कुमार यादव सहित प्रवीण खरे,शंशाक दुबे स्माईल खान,कुलेश्वर सिन्हा तथा आर वी वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानो से आये पत्रकारगण बड़ी सख्या मे उपस्थित रहें । इस दौरान पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारो के स्मृति चिन्ह भी प्रदाय किया गया हैं।

## खेल प्रशिक्षण केंद्र के राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में शामिल होंगी सुकमा की 6 बालिकाएं

एथलेटिक्स खेलों में दिखाएंगी दमखम

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई, बिलासपुर में प्रवेश हेतु जिला सुकमा में जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था। जिसमें 50 से अधिक 13 से 19 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल हेतु एथलेटिक्स एवं कबड्डी में कुल 13 बालक बालिकाओं का चयन किया गया। जिला खेल अधिकारी विरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि राज्य स्तर पर एथलेटिक्स खेल का चयन ट्रायल 2 अगस्त 2022 को पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय इनडोर आउटडोर मैदान में किया जाना हैए जिसमें जिला सुकमा से 6 बालिकाओं को का चयन हुआ है। चयनित प्रतिभागी कुमारी ममला, कुमारी अंजू नाग, कुमारी चंद्रिका, कुमारी मोती, कुमारी कविता एवं कुमारी कनिषा, योगिता नायक, पीटीआई के नेतृत्व में आज शाम रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि जिला स्तर के चयनित प्रतिभागी ग्रामीण अंचलों से संबंध रखते हैं। जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में इसी तरह 4 अगस्त को कबड्डी खेल में 6 बालिकाओं को राज्यस्तरीय में भेजा जाना हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से एवं खेल प्रतिभाओं को बचपन से ही तराश कर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने हेतु राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र का बहतराई बिलासपुर में निर्माण किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा संचालित किए जाने वाले इस आवासीय खेल अकादमी में चयनित खिलाड़ियों के लिए आवासीय, शिक्षा और प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है।

# ग्रामीण अंचल की महिला से छेडछाड, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को शौपा

फरसगांव। फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण अंचल क्षेत्र की अधेड़ महिला के साथ हुई छेड़छाड़, ग्रामीणों ने छेड़छाड़ के एक आरोपी पकड़ा वही एक सह आरोपी ग्रामीणों को चकमा देकर हुआ फरार, फरसगांव पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार एक आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



थाना फरसगांव क्षेत्र की प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी की 30 जुलाई की शाम 5.15 बजे गांव में पानी टंकी बनाने के लिए आकर रुके हुए 02 व्यक्ति के द्वारा घर में जबरदस्ती घुसकर छेड़छाड़ कर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था जिसे मौके पर ग्रामीणों के द्वारा पकड़कर पूछताछ किया गया पूछताछ में मुख्य आरोपी जो घर के अंदर घुसकर प्रार्थिया के साथ छेड़छाड़ कर बलात्कार करने प्रयास कर रहा था उसने अपना नाम पप्पू भारती पिता माखन लाल भारती उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जवाही दयाल, थाना तरया सुजान, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश बताया घटना का सह आरोपी जो कि घटना के दौरान घर के बाहर रहकर निगरानी कर रहा था उसने अपना नाम धर्मेन्द्र यादव उम्र करीबन 40 वर्ष निवासी घाघवा जगदीश थाना तरया सुजान जिला कुशीनगर उत्तरप्रदेश बताया घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा उक्त दोनों आरोपी को पकड़कर रखा गया था जिसमे सह आरोपी धर्मेन्द्र यादव ग्रामीणों को चकमा देकर मौके से फरार हो गया घटना की सूचना पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 87 / 2022 धारा 452, 354, 376,511, 34 भा द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया है विवेचना के दौरान घटना के मुख्य आरोपी पप्पू भारती पिता माखन लाल भारती निवासी जावही दयाल जिला कुशीनगर राज्य उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर माननीय



फरार आरोपी धर्मेंद्र यादव

न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया जा रहा है। फरार आरोपी की क्षेत्र में लगातार पतासाजी की जा रही है। प्रकरण की विवचना एवं आरोपी गिरफ्तारी में स.उ.नि. रूखमणी मंडावी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है ।

## एक नजर

### समस्त यादव समाज का जिलास्तरीय बैठक कृषि उपज मंडी प्रांगण बेमेतरा में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



31 जुलाई दिन रविवार को समस्त यादव समाज जिला बेमेतरा का एकदिवसीय बैठक कृषि उपज मंडी प्रांगण बेमेतरा में रखा है। बैठक में यादवों का प्रमुख त्यौहार कृष्ण जन्माष्टमी के संबंध में विषेश चर्चा किया गया। और आगामी समय पर होने वाले गतिविधियों पर कार्ययोजना तैयार किया गया। बैठक में सुंदर यादव, प्रमोद गौसेवक, आनंद यादव, बीरसिंह यादव, नंदू यादव, नारद यादव, पुरूषोत्तम यादव, अमित यादव, मुन्ना यादव, सुरेश यादव, सतीश यादव, नरेश यादव, रोशन यादव, लक्षम्मण यादव, दामोदर यादव, राजा यादव, जयंत यादवए पप्पू यादव सहित जिला के प्रमुख यादव बंधुगण मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग जशपुर की कार्यवाही 1.600 किलोग्राम गांजा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान के तहत सचिव सह आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा मादक पदार्थों के विक्रय, परिवहन, धारण पर नियंत्रण हेतु कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में विगत दिवस को दुलदुला थाना क्षेत्रांतर्गत में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम लोरो डोफा मेन रोड थाना दुलदुला निवासी रूपेश गुप्ता पिता रमेश गुप्ता के ठेला कब्जे से 1.600 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर आज न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, सुश्री शशिकला पैंकरा, आरक्षक श्याम सुन्दर सिंह, रामलाल भगत,सुभाष कुजूर, त्रियक्ष सलाम,मदन गुप्ता, महिला सैनिक पूनम टोप्पो का सक्रिय योगदान रहा।

### अवैध रेत उत्खनन में 7 ट्रेक्टर ज़ब्त

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा अवैध डीजल सट्टा कबाड़ कोयला एवं रेत के तस्करो के उपर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये मुहिम के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा तथा नगर पुलिस महोदय दर्री सु लितेश सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार देवांगन के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला के द्वारा दिनांक 30/07/2022 को दौरान पेट्रोलिंग के अहिरन नदी के पास ट्रैक्टर क्रमांक 1, सोल्ड 2, सीजी 12 बी एएक्स 6550 /3 सीजी 12 बीएफ 7057/4- सीजी 12 एएक्स, 6134/5- सीजी 12 बीबी-4884 मय ट्रॉली सभी मे रेत लोड हालत में पाया गया एवम बरमपुर जोड़ा पुल के नीचे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9923 एवं सीजी 12 एजेड 4873 ट्रॉली में रेत भरा हुआ पाया गया । जिसे धारा 102 जाफौ. के अंतर्गत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

### उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य की थीम पर बिजली महोत्सव का ग्रैंड फिनाले संपन्न

**धमतरी** । वर्ष 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त और संपन्न करने, परंपरागत ऊर्जा के साथ ही गैर पारंपरिक ऊर्जा का उपयोग और अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से 30 जुलाई तक 'उज्जवल भारत, उज्ज्वल भविष्य पावर 2047' के थीम पर बिजली महोत्सव के ग्रैंड फिनाले का आज आयोजन किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 सालों में देश को एक नई गति देने के लिए ऊर्जा सेक्टर की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि देश में बिजली उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही बिजली बचाने पर भी ज़ोर दिया जा रहा। प्रधानमंत्री ने आग्रह करते हुए कहा कि बिजली सेक्टर की मजबूती हर किसी का संकल्प होना चाहिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से धमतरी ज़िला भी इस कार्यक्रम से दोपहर 12 बजे से जुड़ा रहा। इस अवसर पर सिहावा विधायक और उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि पूरे देश सहित धमतरी ज़िले में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 'बिजली महोत्सव' मनाया जा रहा। आगामी 25 सालों में बिजली उत्पादन, इसमें आत्मनिर्भरता लाने और बचाने के लिए रूप रेखा तैयार की गई है।

## बुढ़ामहादेव कांवरी जलयात्रा समिति ने बैरागबन नर्मदेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



समिति के संजय चंदेल एवं सुनंदा चंदेल के मुख्य यजमानत्व एवं पुरोहित पंडित पंचानन महाराज के वैदिक ऋचाओं के सस्वर गायन के बीच समिति के सदस्य एवं नगरवासियों ने कतार ब होकर एक दूसरे को जल से भरे पात्र को देते हुए विश्व मंगल की कामना एवं अच्छी बारिश के लिए भगवान भोलेनाथ को जल की धारा अर्पित की गई ज्ञात हो कि विगत 12-1 3वर्षा से समिति द्वारा नर्मदेश्वर महादेव मे जलाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बालकृष्ण मिश्रा,



मुकेश श्रीवास्तव,शुकदेव कश्यप,परदेशी राम पटेल,सोमेश्वर चित्रकार, विश्राम पटेल, मैकुराम साहू,हरिशंकर पांडेय,संतोष तंबोली,पवन विश्वकर्मा रविंद्र सोनी, द्वारिका पटेल,श्रवण विश्वकर्मा,राजू परधान,पितांबर भारत, रूखमणी मिश्रा अर्चना मिश्रा,सुधा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। जलाभिषेक के पश्चात मंदिर की मुख्य पुजारिन पूर्णिमा दुबे के आग्रह पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के सभाकक्ष के जीर्णोद्धार के लिए समिति के सदस्यों ने नगर के गणमान्य जनो के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र महामाया मंदिर ट्रस्ट रतनपुर के मैनेजिंग ट्रस्टी सुनील सोंनथालिया को सौपां।

## सोरिद बनसिवनी सड़क मार्ग में जानलेवा गड्ढे

### सड़क की बरबादी के लिए लापरवाह लोक निर्माण विभाग ही जिम्मेदार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की देखभाल और रखरखाव के प्रति गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की स्थिति दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है। इन बदहाल सड़कों पर ग्रामीणों को आवाजाही करते हुए अनेक प्रकार से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सोरिद से ग्राम बनसिवनी के



लिये सड़क मार्ग की स्थिति इस कदर दयनीय है किए मात्र 2 किलोमीटर लंबी सड़क अनेकों जगह से बढ़ गई है। 100 से भी अधिक स्थानों पर छोटे बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिन पर आवाजाही करते हुए लोगों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। इस सड़क पर कभी भी कोई बड़ी वाहन दुर्घटना घट जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है किए इस मार्ग पर अक्सर जिम्मेदार अधिकारियों सहित चुने हुए जनप्रतिनिधियों और नेताओं का आना जाना होता है, लेकिन जिम्मेदार जनों की उदासीनता बरकरार रहने से सॉरी बन शिवनी मार्ग का उद्धार भी लंबित है।



## ट्रैक्टर में जेक चढ़ाते वक्त ड्राइवर की लापरवाही से युवक की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

30 जुलाई 2022 को दोपहर करीब 2 बजे कॉलेज रोड कृष्णा अलमारी फैक्ट्री के पास सावन स्वीट्स के मालिक का बिना नंबर का ट्रैक्टर का ट्राली में जैक चढ़ाते वक्त ड्राइवर की लापरवाहीं की वजह से घनश्याम पाव की मौत हो गई बताया जा रहा है। कि ड्राइवर की लापरवाही की वजह से जैक फि सल गई और पास में खड़े घनश्याम पाव पिता बेद प्रसाद पाव उम्र 30 वर्ष निवासा जोगीअमराई की पीठ पर जा गिरी जिससे घनश्याम जमीन पर गिर गया जिसकी वजह से उसके नाक मुंह से खून बहने लगा है चोट लगने की वजह से उसे हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसकी सूचना पाकर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।



## मिनी बैजनाथ धाम सिरपुर में हजारों कंवरिये करेंगे गंधेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक

### पौराणिक नगरी सिरपुर बना भगवामय

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के ऐतिहासिक और पौराणिक नगर सिरपुर स्थित गंधेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक करने कांवरियों का सिरपुर पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है।



आज दोपहर तक सिरपुर में लगभग तीन हजार से अधिक कावड़ि, श्वेतगंगा बम्हनी तथा अन्य स्थानों से कांवर में जल लेकर पहुंच चुके थे। देर रात तक इनकी संख्या और भी बढ़ने की पूरी संभावना है। कल श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सुबह से कतार में गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक प्रारंभ हो जाएगा। ज्ञातव्य है किए पौराणिक नगरी सिरपुर को छत्तीसगढ़ का मिनी बैजनाथ धाम भी कहा जाता है। यहां श्रावण मास में दूर-दूर से शिव भक्त हजारों की संख्या में गंधेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक एवं दर्शन करने आते हैं। कांवड़ियों के लिए सिरपुर में अनेक की स्थानों पर कांवड़ यात्रियो के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है। सेवाभावी लोगों और संस्थाओं द्वारा पैदल कावड़ यात्रा करके सिरपुर पहुंचने वाले शिव भक्तों को पैरों की सिकाई करने के लिए गर्म पानी भी मुहैया कराई जाती है। बीते वर्षो में वैश्विक महामारी कोरोना के चलते एवं हाथी समस्या के दृष्टिगत कांवड़ यात्रियों की संख्या कम हो गई थी। लेकिन इस वर्ष श्रावण मास के प्रथम सोमवार से ही कांवरियों की संख्या में लगातार वृद्धि दिख रही है। कांवड़ यात्रियों की हर तरफ भीड़भाड़ से पूरा सिरपुर भगवामय नजर आ रहा है। सोमवार को तड़के भोर से गंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक प्रारंभ होकर दोपहर तक चलते रहने का अनुमान है।

## भाजपाइयों ने किया सांसद का स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सांसद चुन्नीलाल साहू कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है। कि अपने विधायकी कार्यकाल में जिला को प्रधानमंत्री आकांक्षी जिला में शामिल करने की मांग रखी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंभीरता से लेते हुए महासमुंद को 10 आकांक्षी जिला में शामिल किया। प्रधानमंत्री ने हर 3 जिलों में एक मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव रखा और ये प्रस्ताव राज्य सरकार की उदासीनता के चलते था।

लेकिन, सांसद स्वास्थ्य मंत्री मांडविया से मिलकर हो रही लेटलतीफ ी जिस पर केन्द्रीय मांडविया ने मेडिकल कॉलेज की मंगवाई और स्थापना की ठंडे बस्ते में जा रहा साहू ने केन्द्रीय मनसुख भाई मेडिकल कॉलेज की जानकारी दी, स्वास्थ्य मंत्री अधिकारियों से तत्काल जानकारी मेडिकल कॉलेज स्वीकृति दी।



मेडिकल कॉलेज खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को डॉक्टरी की पढ़ाई करने अब बाहर अन्य क्षेत्रों में जाना नहीं पड़ेगा। महासमुंद के ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं। सांसद चुन्नीलाल साहू के अथक प्रयास एवं तत्परता के लिए लोकसभा मुख्यालय में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सांसद कार्यालय में उनके आगमन पर उनका भव्य स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत के दौरान सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, पार्षद देवीचंद राठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशिल्या बंसल, भाजपा जिला मंत्री निरंजना शर्मा, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, सांसद प्रतिनिधिद्वय सुधा साहू, राकेश सचदेव, नारेन्द्र गिरी, सहकार भारती जिलाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, निराश्रित संघ अध्यक्ष जगन्नाथ छुरा, महेन्द्र सिका, गोपाल वर्मा, जितेन्द्र साहू, डॉ देवेन्द्र साहू, विक्की गुरूदत्ता, महिला मोर्चा नेत्री सुरेखा कंवर,पार्वती साहू, सुनिता साहू, मधु यादव, अरविंद प्रहरे, जन शिक्षण सेवा संस्थान के नर्सिंग की छात्राओं सहित शहर की जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़, सोमवार 1 अगस्त 2022



# सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं ऐश्वर्या राय की हमशक्ल मानसी नाइक

साल 2005 में आई फिल्म 'लकी : नो टाइम फॉर लव' में सलमान के अपोजिट नजर आईं अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल को लेकर भी यही धारणा बनी थी कि वह बिल्कुल ऐश्वर्या की तरह नजर आती हैं. मराठी अभिनेत्री मानसी नाइक बॉलीवुड सुपरस्टार ऐश्वर्या राय बच्चन की तरह दिखने के कारण सोशल मीडिया पर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं. इंटरनेट पर मानसी की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं.

ऐसे में कई लोगों को लगता है कि मानसी का लुक और चेहरा बिल्कुल वैसा ही है, जैसा कि फिल्म उद्योग में ऐश्वर्या अपने शुरुआती दिनों में दिखाई देती थीं. उनकी तस्वीर पर एक यूजर ने लिखा, ऐश्वर्या की हमशक्ल. वहीं अन्य ने लिखा, ऐश्वर्या की कार्बन कॉपी. साल 2005 में आई फिल्म 'लकी : नो टाइम फॉर लव' में सलमान के अपोजिट नजर आईं अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल को लेकर भी यही धारणा बनी थी कि वह बिल्कुल ऐश्वर्या की तरह नजर आती हैं. ऐसे में कई लोगों को लगता है कि मानसी का लुक और चेहरा बिल्कुल वैसा ही है, जैसा कि फिल्म उद्योग में ऐश्वर्या अपने शुरुआती दिनों में दिखाई देती थीं. हालांकि, मानसी का ऐश्वर्या की तरह दिखना उनके लिए फायदेमंद होगा या नहीं, यह वक्त ही बताएगा.

# आरती सिंह की लेटेस्ट फोटोशूट ने बढ़ा दी फैंस के दिलों की धड़कनें

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की भांजी और टीवी एक्ट्रेस आरती सिंह बिग बॉस 13 का हिस्सा बनने के बाद से ही लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. इन दिनों वह अपने बोल्ड फोटोशूट्स के कारण सुर्खियां बटोर रही हैं. लगभग हर दिन फैंस को आरती का नया लुक देखने को मिल जाता है. अब एक बार फिर से एक्ट्रेस के चाहने वालों के होश उड़ गए हैं. आरती ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं.

कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की बहन आरती आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. बेशक वह पिछले लंबे वक्त से किसी शो में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद भी आरती चर्चा में रहती हैं. वह अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा बोल्ड और सिजलिंद अदाओं के कारण सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. इसी बीच आरती ने एक बार फिर से अपने लेटेस्ट फोटोशूट के जरिए फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में आरती इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं. इस लुक को कंप्लीट करने के लिए आरती ने लाइट मेकअप किया है और बालों को ओपन रखा है. यहां वह कैमरे के सामने अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं. अब आरती की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी रही हैं. एक्ट्रेस इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. कुछ ही देर पहले शेयर की गई इन तस्वीरों पर ताबड़तोड़ कमेंट्स आने शुरू हो गए हैं.



# वीरे दी वेडिंग के बाद फिर करीना कपूर और रिया कपूर ने मिलाया हाथ

अभिनय के मोर्चे पर बॉलीवुड की बेबो गर्ल करीना कपूर का कोई जवाब नहीं है। उनकी फिल्मों को दर्शक खूब पसंद करते हैं। करीना की 2018 में रिलीज हुई फिल्म वीरे दी वेडिंग सुपरहिट साबित हुई थी।

इस फिल्म को रिया कपूर ने एकता कपूर, अनिल कपूर, निखिल द्विवेदी और शोभा कपूर के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था। अब सुनने में आ रहा है कि रिया और करीना एक और फिल्म के लिए साथ आ रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, रिया और करीना ने एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। खबरों की मानें तो इस फिल्म का निर्देशन लूटकेस के डायरेक्टर राजेश कृष्णन करेंगे। एक सूत्र ने बताया, अभी तक फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, क्योंकि अभी यह प्लानिंग स्टेज पर है। हालांकि, दोनों ने एक आइडिया पर चर्चा की है और उन्हें यह आइडिया पसंद आया है। दोनों फिर से साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।



सूत्र की मानें तो इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इंडस्ट्री के कुछ नामचीन कलाकारों को इस प्रोजेक्ट में शामिल किया जाएगा। खबरों की मानें तो जल्द इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होगी। बॉलीवुड के अधिकांश कलाकार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर चुके हैं। अब इस कड़ी में अभिनेत्री करीना का नाम भी जुड़ गया है। वह चर्चित फिल्ममेकर सुजॉय घोष की नेटफ्लिक्स फिल्म के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना पदार्पण करेंगी। सुजॉय की यह नेटफ्लिक्स फिल्म मर्डर मिस्ट्री के ताने-बाने से बुनी होगी। करीना की यह फिल्म जापानी लेखक केगो हिगाशिनो की किताब पर आधारित फिल्म द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित होगी। करीना फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगी। यह हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प की हिंदी रीमेक है, जिसमें करीना के साथ आमिर खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। करीना निर्माता करण जौहर की मल्टीस्टारर फिल्म तख्त में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। एकता कपूर के साथ करीना एक फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रही हैं। प्रभास के साथ फिल्म स्पिरिट में भी वह नजर आ सकती हैं। रिया कपूर दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी हैं। वह फिल्म प्रोड्यूसर और फैशन आइकॉन के तौर पर जानी जाती हैं।

## खेल

हमारे वेटलिफ्टर्स ने अंग्रेजों को दिखाई ताकत

# भारत कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग के इतिहास में इंग्लैंड से ज्यादा कामयाब देश बना, मीराबाई के गोल्ड से बढ़त

एक भारतीय के पास कॉमनवेल्थ गेम्स को देखने के दो नजरिए हो सकते हैं। आप इसे या तो अंग्रेजों की गुलामी का प्रतीक मान सकते हैं या फिर अंग्रेजों को यह बताने का एक अवसर कि आजादी के महज 75 सालों के अंदर हम उनसे कई मायनों में बेहतर हो गए हैं। भारतीय वेटलिफ्टर्स निश्चित रूप से दूसरे फलसफे में यकीन करते हैं।

इसका सबूत शनिवार, 30 जुलाई को भी मिला। इस दिन 22वें कॉमनवेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टिंग की चार वेट कैटेगरी के मुकाबले हुए। भारत ने चारों में मेडल जीता। इसके साथ ही भारत कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में वेटलिफ्टिंग के खेल में इंग्लैंड से ज्यादा कामयाब मुल्क बन गया है।

शनिवार को मीराबाई चानू ने गोल्ड जीता। संकेत और बिंदिया रानी ने सिल्वर अपने नाम किया।




वहीं, गुरुराजा पुजारी ने ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया। अब भारत ने वेटलिफ्टिंग में गोल्ड और सिल्वर जीतने के मामले में इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है। भारत के नाम 44 गोल्ड और 50 सिल्वर हो गए हैं। अंग्रेजों के नाम इस खेल में 43 गोल्ड और 48 सिल्वर हैं। ब्रॉन्ज के मामले में भारत (34) पहले से इंग्लैंड (25) से आगे था। भारत से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया है। ऑस्ट्रेलिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स वेटलिफ्टिंग में अब तक 59, गोल्ड, 52 सिल्वर और 48 ब्रॉन्ज जीते हैं। आने वाले कुछ सालों में हम ऑस्ट्रेलिया से भी आगे निकलने वाले हैं।

कॉमनवेल्थ के इतिहास में वेटलिफ्टिंग भारत का मजबूत पक्ष रहा है। इससे ज्यादा कामयाबी सिर्फ शूटिंग में मिली है।

कॉमनवेल्थ के इतिहास में वेटलिफ्टिंग भारत का मजबूत पक्ष रहा है। इससे ज्यादा कामयाबी सिर्फ शूटिंग में मिली है।

वेटलिफ्टिंग कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में भारत के लिए दूसरा सबसे मजबूत खेल रहा है। इस खेल में भारत ने अब तक 43 गोल्ड सहित 125 मेडल जीते हैं। इससे ज्यादा कामयाबी सिर्फ शूटिंग में मिली है। शूटिंग में हमने अब तक 63 गोल्ड सहित 135 मेडल जीते हैं। इस बार शूटिंग इस मेगा इवेंट का हिस्सा नहीं है। ऐसे में वेटलिफ्टर्स के ऊपर शानदार प्रदर्शन करने का दबाव और भी ज्यादा है। शनिवार को हमारे खिलाड़ी इस दबाव को झेलते हुए उम्मीद पर खरे उतरे हैं।

# पहले दिन के मुकाबले शुरू, टेबल टेनिस में भारत का विजयी आगाज



**बर्मिंघम ।** बर्मिंघम में 22वें कॉमनवेल्थ गेम्स की रंगारंग शुरुआत हो गई है। राष्ट्रमंडल खेलों का आज पहला दिन है। सभी खिलाड़ी एक-दूसरे से स्वयं को अव्वल साबित करने की कोशिश करने में जुट गए हैं। वहीं पहले दिन भारत की जीत का खाता खुल गया है। टेबल टेनिस में सृजा अकुला और रीत टेनिसन की भारतीय जोड़ी ने साउथ अफ्रीका की लैला एडवर्ड और दानिशा पटेल के खिलाफ डबल्स मैच में 11-7, 11-7, 11-5 से जीत हासिल कर ली है।

वहीं मनिका बत्रा के सामने सिंगल्स में मुशफिकुह कलाम की चुनौती रही और भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में पूरी तरह से हावी रही। मनिका ने 11-5 के अंतर से पहला गेम जीता। मनिका ने 11-3 से दूसरा गेम भी जीत लिया

दूसरी ओर लॉन बॉल में भारत की तानिया चौधरी को पराजय झेलनी पड़ी है। उन्हें स्कॉटलैंड की डी हॉग्न ने 21-10 से हराया।

बर्मिंघम में चल रहे साल के सबसे बड़े इस स्पोर्ट्स मल्टी इवेंट के पहले दिन 16 गोल्ड दांव पर हैं।

## एक नजर

# भारत ने पाकिस्तान को 5-0 से धो डाला




**बर्मिंघम ।** पूर्व विश्व चैंपियन भारत की पीवी सिंधु और किदाम्बी श्रीकांत की अगुवाई में गत चैंपियन भारत ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 5-0 से रौंद दिया।

मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने पाकिस्तानी जोड़ी आई एस भट्टी और जी सिद्दीकी को 21-9, 21-12 से हराया जबकि पूर्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत ने मुराद अली को 21-7, 21-12 से हराया और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। सिंधु ने पाकिस्तान की महूर शहजाद को एकतरफा अंदाज में 21-7, 21-6 से हरा दिया।

पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसैराज रेंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी में मुराद अली और इरफ़ान भट्टी को चौथे मैच में 21-12,21-9 से पराजित किया जबकि महिला युगल जोड़ी त्रेसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने महूर शहजाद और गजाला सिद्दीकी को 21-4, 21-5 से हराकर भारत को क्लीन स्वीप की जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को श्रीलंका से होगा।

# गीले आउटफील्ड के कारण टॉस में देरी, पहला मैच हार चुकी भारतीय टीम के लिए जीत जरूरी

**बर्मिंघम।** कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को विमेंस टी-20 क्रिकेट में भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से हो रहा है। ये महा मुकाबला बर्मिंघम, एजबेस्टन के मैदान पर खेला जा रहा है। गीले आउटफील्ड के कारण समय पर टॉस नहीं हो पाया है। अंपायर्स ग्राउंड के सूखने का इंतजार कर रहे हैं।




कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत हार के साथ हुई थी। टूर्नामेंट के पहले ही मैच में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 4 टी-20 मुकाबलों से भारतीय टीम अजेय रही है।

भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर इंग्लैंड का मौसम फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। बर्मिंघम में कल दिन भर बादल छाए हैं। दोपहर 3 बजे के करीब वहां पर बारिश भी हो सकती है। बर्मिंघम में रविवार का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

कैसी होगी एजबेस्टन की पिच

एजबेस्टन की पिच से तेज गेंदबाजों को अच्छी मदद मिलती है। ऐसे में जो भी टीम टॉस जीतेगी, वो पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। वैसे टी20 मैचों में इस मैदान की पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए अनुकूल मानी जाती है। फटाफट क्रिकेट में एजबेस्टन के मैदान पर पहली पारी का औसतन स्कोर 164 रन रहा है।

कोहली को जिम्बाब्वे दौरे से भी आराम

# शिखर धवन फिर कप्तान; राहुल त्रिपाठी को मिला मौका, 7 माह बाद दीपक चाहर की टीम में वापसी

**मुंबई।** जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली को इस दौरे से भी आराम मिला है। जबकि राहुल त्रिपाठी को मौका मिला है और शिखर धवन फिर कप्तान बने हैं। रोहित शर्मा-जसप्रीत बुमराह भी आराम पर हैं। इस बीच केएल राहुल कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। साथ ही तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट से वापसी हो गई है। दीपक ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला फरवरी में खेला था।

BCCI ने इस टीम का ऐलान जिम्बाब्वे में 3 वनडे मैचों के लिए किया है। टीम 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच ये मुकाबले खेलेगी। सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर खेले जाएंगे। ये मैच वनडे सुपर लीग का हिस्सा हैं।





जिम्बाब्वे के लिए सीरीज अहम है, क्योंकि इसके पॉइंट्स अगले साल के वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफिकेशन के लिए गिने जाएंगे।

भारत पाकिस्तान क्रिकेट मैचगीले आउटफील्ड के कारण टॉस में देरी, पहला मैच हार चुकी भारतीय टीम के लिए जीत जरूरी

एशिया कप से वापसी कर सकते हैं कोहली कोहली अब अगस्त के अंत में होने जा रहे एशिया कप से वापसी कर सकते हैं। पहले ऐसी चर्चा थी कि कोहली जिम्बाब्वे दौरे से वापसी करेंगे। वे इस समय अपनी फैमिली के साथ छुट्टियां बिता रहे हैं। वे इंग्लैंड दौरे में खेलते नजर आए थे।

# श्रीहरि ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में बनायी जगह

**बर्मिंघम ।** भारत के युवा तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों के पहले दिन पुरुषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में जगह बनायी। नटराज ने 54.55 सेकंड के समय के साथ सेमीफाइनल-2 में चौथा (कुल सातवां) स्थान प्राप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के 17 वर्षीय पीटर कोएट्ज़े ने 53.67 सेकंड के साथ दोनों सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नटराज 31 जुलाई को होने वाले फाइनल में भारत को राष्ट्रमंडल खेलों में तैराकी का दूसरा पदक दिलाने का प्रयास करेंगे। इससे पहले तैराकी में भारत का एकलौता राष्ट्रमंडल पदक 2010 में आया था, जब प्रशांत करमाकर ने पैरा-स्विमिंग आयोजन में कांस्य हासिल किया था।



## एक नजर

### डेंगू को हराने सीएमएचओ घूम रहे गांव-गांव गली-गली, खुद कर रहे दवा का छिड़काव





**जगदलपुर ।** शहर में बढ़ते डेंगू मरीजों की संख्या के बाद अब सीएमएचओ आर.के. चतुर्वेदी स्वयं गांव-गांव और कस्बों का दौरा कर रहे हैं। डेंगू की रोकथाम के लिए वार्ड-वार्ड में दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। जहां सीएमएचओ स्वयं या विभागीय कर्मचारियों से दवाई का छिड़काव करते नजर आ रहे हैं। साथ ही सीएमएचओ अपनी टीम के साथ लोगों को जागरूक करने के लिये जरूरी सलाह देते भी नजर आ रहे। जानकारी के अभाव में बढ़ते डेंगू के प्रकोप के बीच जागरूकता को ही सीएमएचओ आर.के. चतुर्वेदी ने डेंगू की रोकथाम का एक मात्र उपाय बताया है। उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान लोगों को सलाह देते हुए कहा कि अपने घरों के आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें, पानी का जमाव न होने दें। साथ ही मच्छरदानी का उपयोग भी अवश्य करें।



### कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में विश्व बाघ दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

**जगदलपुर।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर शुक्रवार 29 जुलाई को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा कोटमसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। निदेशक धम्मशील गणवीर के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में बाघ रहवास की कमी और वन्य-प्राणियों के साथ सह अस्तित्व पर चर्चा की गई। इस संगोष्ठी में पारिस्थितिकी तंत्र में बाघ व शाकाहारी जीवों के महत्व, विलुप्त होते वनस्पति, आवर्ती चराई, अवैध जंगल कटाई जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय उद्यान से लगे ग्रामों के युवा, ग्रामीण, स्कूली छात्रों के साथ मैना मित्र व मगरमच्छ संरक्षक भी इस संगोष्ठी में सम्मिलित हुए। स्कूली विद्यार्थी के साथ ग्रामीण भी इस संगोष्ठी भी शामिल हुए। इसमें वन्य प्राणियों के साथ मानव के सह-अस्तित्व पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# विहीप बजरंग दल बिलासपुर की महत्वपूर्ण जिला बैठक संपन्न

### बैठक में 13 प्रखंडो के अध्यक्ष मंत्री सयोंजक रहे उपस्थित

**बिलासपुर ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न हुई। जिसमे प्रदेश सह मंत्री घनश्याम चौधरी एवं बजरंग दल प्रदेश संयोजक ऋषि मिश्रा, विभाग मंत्री राजीव शर्मा द्वारा आगामी कार्य योजना एवं समिति निर्माण पर दिशा निर्देश प्रदान किए गए जिला मंत्री विकास शर्मा द्वारा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई जिला संयोजक दीपक सिंह द्वारा समिति निर्माण के बारे में एवं बजरंग दल के विगत कार्यों की जानकारी प्रदान की गई जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के द्वारा अभार व्यक्त किया गया प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रांत सह सेवा प्रमुख चंद्रकांत साहू, जिला उपाध्यक्ष जीवन मिश्रा, जिला




सह मंत्री दीपक सोनी, मातृशक्ति संयोजिका चुन्नी मौर्य, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका प्रीति दुबे, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख अभिषेक गौतम, विभाग सह संयोजक अंकुश ठाकुर, नगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला सहसंयोजक रौनक केसरी, प्रभात यादव, जिला विद्यार्थी प्रमुख गिरजा शंकर यादव के अलावा जिला प्रखंड खंड के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त बैठक में जिला एवं महानगर में नवीन दायित्वानो की घोषणा भी की गई। नवीन दायित्वानो में साधना खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, सीए जिला सह कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, जिला सह प्रचार प्रमुख आशीष खंडेलवाल, जिला सत्संग प्रमुख मनीष कौशिक, जिला सहसंयोजक प्रमोद कश्यप, जिला समरसता प्रमुख नवल वर्मा, जिला सह समरसता प्रमुख ओमप्रकाश देवांगन, जिला धर्म प्रसार प्रमुख सतराम जेठमलानी, जिला सह धर्म प्रचार प्रमुख अभिषेक शर्मा, जिला सप्ताहिक मिलन प्रमुख मोती लाल यादव, जिला सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख किशन सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख अवधेश सिंह, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अमर राम नानी, जिला अखाड़ा प्रमुख बाबा शर्मा, जिला सह अखाड़ा प्रमुख सुधा गुप्ता जिला सह संयोजिका मातृशक्ति शरद चक्रवर्ती, महानगर संयोजक बबीता ताम्रकार, महानगर उपाध्यक्ष विनय गुप्ता, महानगर मंत्री ईशान गुरूदत्ता, महानगर सह मंत्री सर्वेश वर्मा, महानगर सेवा प्रमुख एकता मालिक महानगर मातृशक्ति संयोजिका जूही वर्मा, महानगर मातृशक्ति सह संयोजिका रानी साहू, महानगर मातृशक्ति सह संयोजिका दीपा गंधर्व, प्रखंड संयोजिका श्यामा प्रसाद, मुखर्जी कुमारी, ममता दुबे, दुर्गा वाहिनी जिला विद्यार्थी प्रमुख मातृशक्ति जिला सत्संग प्रमुख चित्रलेखा तिवारी, मातृशक्ति संस्कार केंद्र प्रमुख सुनीता रात्रे, मातृशक्ति सेवा प्रमुख सुनीता शर्मा के अलावा अन्य कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया गया।

## 25 किलो तांबा तार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा ।** पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा जिले में अवैध कबाड़, डीजल के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस सतत कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में अवैध कबाड़ के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना की जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव ने बताया किए कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि राहुल डिकसेना नामक युवक मारुति इग्निस कार में अवैध तांबे का तार बिक्री हेतु ले जा रहा है की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबीर के बताए हुए अनुसार कार को मेहर वाटिका के सामने कोरबा में रोककर तलाशी लेने पर उसके डिक्की से लगभग 25 किलोग्राम अवैध तांबा का तार मिला वाहन चालक युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल कुमार डिक्सेना का विजय डिकसेना उम्र 27 वर्ष निवासी पथरी पारा कोरबा का रहने वाला बताया। आरोपी द्वारा उक्त माल का बिल प्रस्तुत नहीं करने तथा चोरी के माल होने की संदेह पर आरोपी के विरूद्ध धारा 41-1 -4, जा फौ 379 भा द वि के तहत कार्यवाही किया गया है ।

# कलेक्टर चंदन कुमार ने किया स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का निरीक्षण

### बच्चों की पढ़ाई के साथ ही प्रायोगिक शिक्षा पर दिया जोर

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने शनिवार को जगदलपुर शहर के धरमपुरा के साथ ही नानगुर, बकावंड और भानपुरी में स्थापित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके साथ ही बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा दिए जाने पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को सभी प्रयोग नियमित रूप से सिखाए जाएं। उन्होंने ग्रंथालयों में सभी आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने इन विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार मरम्मत के साथ ही साज सज्जा के संबंध में भी अधिकारियों को






निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जीएस नेताम, अनुविभागीय अधिकारी श्री राजीव बतरा सहित शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया तुरेनार में संचालित गौठान का निरीक्षण

कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने इसके साथ ही तुरेनार में संचालित गौठान का भी निरीक्षण किया और यहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने तूरेनार में डेयरी संचालन के लिए निर्मित रिक्त परिसर का उपयोग स्थानीय स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से आजीविकामूलक कार्यों के लिए करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी श्री डीपी साहू, उद्यानिकी विभाग के श्री कुशवाहा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गौतम पाटिल, मनरेगा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन सिंह सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

आजादी का अमृत महोत्सव

## कोविड टीकाकरण का नि:शुल्क बूस्टर डोज़ महा अभियान 1 अगस्त से 30 सितम्बर तक

गौरेला पेंड्रा मरवाही । आज़ादी के 75वें वर्षगाँठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत कोविड टीकाकरण का नि:शुल्क बूस्टर डोज़ 1 अगस्त से 30 सितम्बर तक लगाया जाएगा। जिला चिकित्सालय द्वारा निर्धरित कार्ययोजना के तहत 1 अगस्त को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों में कोविड का बूस्टर डोज़ नि:शुल्क लगाया जायेगा। 1 अगस्त को बूस्टर डोज के लिए विकासखंड गौरेला में आमाडोब, आमगांव, अंधियारखोह, आंदुल, अंजनी, बड़ामनडांड एवम नगर पंचायत गौरेला के वार्ड क्रमांक 1 में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। विकासखण्ड पेण्ड्रा में अमरपुर, पनकोटा, बसंतपुर, लाटा एवम सोनबचरवार में और विकासखंड मरवाही में पड़खुरी, बगरार, करहनी, सिलपहरी, सेमरदर्री, चिचगोहना एवम खुरपा में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है।




# अच्छी बारिश की कामना को लेकर जगन्नाथ मंदिर(गायत्री नगर) से निकली कावड़ यात्रा

### सैकड़ो शिवभक्त हुए शामिल

**रायपुर।** भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक राजकुमार राठी, अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री शिबू शुक्ला, संगठन मंत्री मंजुल मयंक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष डॉ.विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि मंच द्वारा आज रविवार को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर से छत्तीसगढ़ में अच्छी बारिश की कामना एवं जनता की सुख समृद्धि की कामना को लेकर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने हेतु स्वामी राजेश्वरानंद की अगुवाही में कावड़ यात्रा प्रारंभ होकर अवंती स्थित शिव हनुमान मंदिर पहुंची जहां भगवान का पंचामृत अभिषेक कर महाआरती की गई। श्री राठी ने बताया कि महाआरती के बाद बालिका दिव्याशी शर्मा द्वारा भगवान शिव की पोशाक धारण कर शिव तांडव की प्रस्तुति कर खूब तालियां बटोरी श्री राठी ने



बताया की इस अवसर पर श्रद्धालुओ को प्रसादी भी वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री रविंद्र सिंह ठाकुर, विलास सुतार किशोर नायक, अखिल चटर्जी राधा राजपाल, राजेश अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह तोमर , प्रेम टंडन, रेखा शर्मा, सीपी तम्बोली, वामन गोरे,पिंकी नोरंगे, उमेश मलेवार रवि सिंह, मोनू आहूजा,संजय मोहता ,राजकुमार गंगवानी,दिशा पोद्दार, शानील पोद्दार ,दिनेद्रा पाण्डेय, रुद्रा शाही ,रूपम शाही ,शेखर वर्मा हार्दिक सिंघवी, प्रियेश तिवारी,कविता राठी, कविता नायक ,स्वाति श्रीवास्तव, राहुल तिवारी सहित सैकड़ो शिवभक्त शामिल हुए।

# भाजपा गंजपारा सदर मंडल की कार्यसमिति की बैठक सम्पन हुई

दुर्ग। गंजपारा सदर मंडल की , मंडल स्तरीय कार्यसमिति की बैठक आज जिला कार्यालय मैं आहूत की गई थी ,गंजपारा सदर मंडल मे निवासरत वरिष्ठ जन ,पदाधिकारी ,कार्यकर्ता गण की समृद्ध उपस्थित मे सम्पन्न हुई






बैठक के प्रारंभ मे वरिष्ठ जन मंडल पदाधिकारी गण द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ हुई मंचासीन वरिष्ठ जन का पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया द्य

कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष दीपक चोपड़ा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिए एवम एवम मंडल के संघठन के कार्य विषय पर चर्चा किया गया हर घर तिरंगा अभियान के जिला सह प्रभारी कांतिलाल जैन जी उपाध्यक्ष द्वारा तिरंगा कार्यक्रम एवम शोशल मीडिया एवम अन्य विषय पर मार्गदर्शन दिए। हर घर तिरंगा अभियान के दुर्ग विधानसभा सहप्रभारी अनूप गटागट जी ,विनायक नातू जी ने विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया एवम प्रदेश संघठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की एवम अन्य विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किये मंडल मंहमत्री संदीप जैन ने राजनीतिक प्रस्ताव पढ़े जिसमें आगामी समय मे गंजपारा सदर मंडल का नाम , सरदार वल्लभ भाई पटेल मंडल महापुरुषों के नाम से जाना जाए ऐसा प्रस्ताव सर्व सहमति से समर्थन दिया गया कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राहुल पंडित द्वारा किया गया। एवम मंडल द्वारा किये कार्य का विस्तार से वृत पढ़ा गया ।

## शहर में वृहद सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त को

**राजनांदगांव।** नदियों के संरक्षण संवर्धन के लिए प्रति माह के प्रदोष तिथि पर राजनांदगांव शहर के शिवनाथ नदी के तट पर आयोजित हो रही शिवगंगा महाआरती की 50वीं कड़ी पूर्ण होने के अवसर पर शिवगंगा महाआरती समिति, ﾠ卐द ट्रायो卐 और आराध्य शिक्षा एवं सेवा समिति द्वारा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में 2 अगस्त दोपहर 12:00 बजे से किया जा रहा है। जिसमें 125 से अधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान व्यक्तित्व का सम्मान किया जाएगा। शिवगंगा महाआरती की स्वर्ण कड़ी पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, अध्यक्षता राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत सिंह भगत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संसदीय सचिव एवं विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक दिलेश्वर साहू, भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई, महापौर हेमा देशमुख, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, अंत्यावसायी एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पटिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज़ खान, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा एवं राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा उपस्थित रहेंगे। वृहद सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं शिवगंगा महाआरती के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह के अवसर पर अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों का सम्मान किया जाएगा।

## शहीद उदय मुदलियार की जयंती पर शहर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव ।** राजनांदगांव के पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार जी की जयंती पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी,राजनांदगांव द्वारा पोस्ट ऑफिस चौक पर स्थित शहीद उदय मुदलियार जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद उदय भैया अमर रहे के नारों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी..साथ ही श्री उदय मुदलियार जी के साथ शहीद हुए स्व.अलानूर भिंसरा जी की भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर जिला महामंत्री नासिर जिंदरान,वरिष्ठ महेंद्र शर्मा,राजीव कुरियाकोस,अमित चंद्रवंशी,सेवादल के पूर्व अध्यक्ष बबलू कसार,योगेंद्र प्रताप सिंह,शरद खंडेलवाल,मनीष गौतम,पिंकू खान,आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष गेमू कुंजाम,राजबहादुर मिश्रा,प्रमोद बागड़ी,भोला यादव,विष्णु सिन्हा,शैलेश रामटेके,संदीप जायसवाल,विजय अग्निहोत्री,अर्जुन सिंह कुर्रे सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# विधायक शैलेश पांडेय वार्ड पार्षद के सवालों का जवाब दिए बगैर कार्यक्रम छोड़ भागे

## वार्ड पार्षद रंगा नादम ने विधायक को कहा हमे घोषणा नहीं समस्याओं का निदान चाहिए,जो आप नही कर पा रहे हो

जोहार छत्तीसगढ़- बिलासपुर।



बिलासपुर इस समय समस्याओं से घिरा हुआ शहर हो गया है पूरा शहर आटोमोड में चल रहा है जिसका कोई भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अपनी जवाबदेही नहीं महसूस कर पा रहा है, शहर विधायक की घोषणाओं से परेशान शहर के नागरिकों ने अब बोलना भी शुरू कर दिया है कि उनसे विधायक चुनने में गलती हो गई है। शहर के एक दैनिक अखबार के कार्यक्रम में जनता से जुड़े समस्याओं को वार्ड 33 के पार्षद रंगा नादम ने उठाया तो नगर विधायक शैलेश पांडेय इसे सुन न सके और कार्यक्रम को छोड़ कर चलते बने।

नगर विधायक के इस तरह से बिना समस्या सुने चले जाना पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है पहले भी विधायक समस्याओं को सुनना कम घोषणाओं में ज्यादा विश्वास करते रहे है। उसी का नतीजा है कि वार्ड के पार्षद ने जब अपने वार्ड की समस्या सुनाई उसे वो सहन नहीं कर सके और कार्यक्रम को छोड़ कर चलते बने। वार्ड पार्षद रंगा नादम ने आपने वार्ड की समस्या बताई की उनके वार्ड में न तो नाली की सफाई हो रही न ही नालियों का निर्माण हो रहा है कई वार्डों का पानी उनके वार्ड की नालियों से होकर गुजरता है जिसके चलते आये दिन वार्ड में नाली का पानी वार्डों में घुस रहा है। साफ सफाई वार्ड में नहीं हो रही चारों तरफ गंदगी फैली रहती है, पिछले तीन वर्षों से हर वर्ष वार्ड में कार्य के लिए आवेदन मंगाया जाता है लेकिन उनके वार्ड में कोई काम नहीं कराया जा रहा है पार्षद का कहना है कि महापौर एवं विधायक दोनों ने उनके वार्ड के नागरिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया और दोनों एक दुसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर कार्य मे बाधा का हवाला हमेशा देते रहे हैं लेकिन इस सबके के चलते मेरे वार्ड की जनता पीस रही है उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा।

## बालको महिला मंडल ने धूमधाम से आयोजित किया तीज महोत्सव

**कोरबा** । बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा की धर्मपत्नी रंजना झा और कोरबा पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी वंदना सिंह थीं। झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष संगीता शर्मा एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की।

बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने अतिथियों की अगवानी की। संगीता और सोनिया गुप्ता ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। झा और सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अतिथियों ने झूला झूलने का आनंद उठाया। संगीता शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बालको महिला मंडल के विभिन्न सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महिला मंडल समय-समय पर महिलाओं और बच्चों के प्रतिभा विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। बालकोनगर क्षेत्र के सांस्कृतिक उत्थान में महिला मंडल का महत्वपूर्ण योगदान है।

रंजना झा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन अत्यंत मनोरंजक रहा। उन्होंने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। वही सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालको महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सावन क्वीन का चयन प्रमुख आकर्षण . सावन क्वीन का चयन अनेक चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कैटवॉक का आयोजन किया गया।

# हरियाली तीज पर किलकिला मंदिर समितियों ने सावन मास में झुले झूलने के पारम्परिक महोत्सव में शामिल होकर झुले का आंनद उठा रहे

जोहार छत्तीसगढ़- पत्थलगांव।

**पत्थलगांव से लगे 10 किलोमीटर की दूरी में स्थित मंदिर किलकिलेश्वर धाम मांड नदी के तट पर स्थित है। जहां भोले नाथ के शिवलिंग स्थापित है। जिसमें सावन महिना के आते ही रोज हजारों के संख्या में भक्त शिव धाम पहुंचते हैं।**





वहीं मंदिर समितियों के द्वारा भी 12 महीने समय-समय पर धार्मिक आयोजन किए जाते रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि हरियाली तीज महोत्सव में मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए जिसमें महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित होकर सावन मास में झुले झूलने के पारम्परिक महोत्सव में शामिल होकर झुले के आंनद उठा रहे हैं। जिसमें शामिल होने वाले भक्त महिला पुरुष सभी के लिए जलपान की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई थी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में गांव एवं आसपास के महिला एवं पुरुष पहुंचकर महोत्सव में शामिल हुए एवं मंदिर में भगवान के दर्शन कर पुण्य के भागीदार बनें। दूर-दूर से आने वालों भक्तों के लिए मंदिर परिसर में खाने पीने के व्यवस्था रखा जाता है जिसमें किसी भी भक्तों को किसी प्रकार के तकलीफ नहीं होती है।

# हेडलाइन स्वामी विवेकानंद प्रभात शाखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया युवाओं में देशभक्ति का जागरण

जोहार छत्तीसगढ़- पतलगांव।



31 जुलाई रविवार को पुनः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पत्थलगांव द्वारा एकत्रीकरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें लगभग 40 स्वयंसेवक उपस्थित हुए, प्रत्येक एकत्रीकरण में नए-नए स्वयंसेवक, संघ के सदस्य बनते जा रहे हैं। कई लोगों का ऐसा प्रश्न रहता है कि शाखा क्या है। शाखा से हमें क्या लाभ प्राप्त होगा। उनके लिए हमारे संघ के तीसरे संघ चालक परम पूजनीय बाला साहब देवरस कहते हैं। संघ की शाखा खेलने अथवा परेड करने का स्थान मात्र नहीं है अपितु सज्जनों की सुरक्षा का बिन बोले अभिवचन है। तरुणध्युवाओं को अनिष्ट व्यसनों से मुक्त रखने वाला संस्कार पीठ है। समाज पर अकस्मात आने वाली विपत्तियों अथवा संकटों में त्वरित निरपेक्ष सहायता मिलने का आशा केंद्र है। महिलाओं की निर्भरता एवं सभ्य आचरण का आश्वासन है। दुष्ट तथा देशद्रोही शक्तियों पर अपनी धाक स्थापित करने वाली शक्ति है। और सबसे प्रमुख बात यह है कि समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सुयोग्य कार्यकर्ता उपलब्ध कराने हेतु योग्य प्रशिक्षण देने वाला विद्यापीठ है। और इसी उद्देश्य पर संघ की शाखा पत्थलगांव पर भी चल रही है। जिससे पत्थलगांव के युवाओं एवं बालकों में देशभक्ति की भावना ओतप्रोत हो रही है। आज के इस कार्यक्रम में पत्थलगांव नगर खंड विस्तारक कमलेश चंद्र,शाखा कार्यवाह पवन अग्रवाल मुख्य शिक्षक शंकर यादव, सह मुख्य शिक्षक अमन साहू, गणशिक्षक प्रतीक सिंह, वैभव गुप्ता, श्याम चटर्जी, गटनायक सूरज बेहरा, अंकित शर्मा, प्रेम मंडल, संतोष, घोष दल प्रमुख कार्तिक चक्रवर्ती एवं सूरज जाना उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध रेत उत्खनन में 7 ट्रेक्टर ज़ब्त

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा अवैध डीजल सट्टा कबाड़ कोयला एवं रेत के तस्करो के उपर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये मुहिम के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा तथा नगर पुलिस महोदय दर्री सु लितेश सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार देवांगन के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला के द्वारा दिनांक 30/07/2022 को दौरान पेट्रोलिंग के अहिरन नदी के पास ट्रैक्टर क्रमांक 1, सोल्ड 2, सीजी 12 बी एएक्स 6550 /3 सीजी 12 बीएफ 7057/4- सीजी 12 एएक्स, 6134/5- सीजी 12 बीबी-4884 मय ट्रॉली सभी मे रेत लोड हालत में पाया गया एवम बरमपुर जोड़ा पुल के नीचे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9923 एवं सीजी 12 एजेड 4873 ट्रॉली में रेत भरा हुआ पाया गया । जिसे धारा 102 जाफौ. के अंतर्गत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

### ऊर्जाधानी में पांव पसार रहा टीबी, 79 नए रोगियों की पुष्टि

**कोरबा** । ऊर्जाधानी में तेजी से टीबी पांव पसारने लगा है। जनवरी से मई के बीच जहां 795 मरीज मिले थे। तो वहीं मई से 10 जुलाई के बीच 79 और नए टीबी रोगियों की पुष्टि हुई है। सबसे अधिक स्लम बस्तियों में टीबी के मरीज मिल रहे है। टीबी रोगी खोज अभियान के तहत कारखाने, दफ्तर गांव व शहरी इलाकों में जाकर टीबी रोगियों की खोज की जा रही है और अधिक से अधिक संभावित लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। 28 मई से 10 जुलाई तक कुल 1,844 संभावित लोगों की जांच की गईए जिसमें 79 टीबी रोगियों की पहचान हुई है। जिनका इलाज सरकारी अस्पताल में शुरू हो गया है। जबकि जनवरी 2022 से मई 2022 के बीच 9361 लोगों की स्क्रीनिंग हुई थी इसमें 795 मरीज टीबी से ग्रसित मिले थे। इस वर्ष 874 मरीज मिल चुके हैं। हर 12 व्यक्ति टीबी से ग्रसित मिल रहा है। घर-घर टीबी जांच अभियान के तहत जिला टीबी नियंत्रण टीम के सदस्यों, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीबी की जांच कर रहे हैं।

जांच में पॉजिटिव आने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार भी उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

इस संबंध में जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी खोज सर्वे भी कर रहे है, साथ ही जिसमें लक्षण नजर आ रहे है उनकी जांच भी कराई जा रही है। अभियान के तहत जन-जागरूकता को विशेष महत्व देते हुए टीबी के संभावित मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में शामिल कर उनका सहयोग लिया जा रहा है।

ये लक्षण आने पर कराएं जांच:-सीने में दर्द होना, चक्कर आना, दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार आना, खांसी के साथ मुंह से खून आना, भूख में कमीं और वजन कम होना आदि लक्षण दिखने पर फौरन चिकित्सक से संपर्क करें। ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की जांच एवं उपचार की सुविधा जिला स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए सीबीनॉट मशीन लगाई गई है। वहीं ब्लॉक स्तर पर ट्रूनॉट मशीन है। जिससे संभावित रोगियों का 2 घंटे में टीबी या ड्रग रेजिस्टेंट टीबी होने का पता लगाया जा रहा है। टीबी रोगियों की जांच और संपूर्ण उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में निः शुल्क किया जाता है।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

धमतरी। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी एक अगस्त को आहूत की गई है। कलेक्टर पी.एस.एल्मा की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 10 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग रूद्री ए.के.पालड़िया से मिली जानकारी के मुताबिक जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा, वर्ष 2022-23 में खरीफसिंचाई का लक्ष्य इत्यादि की समीक्षा बैठक में की जाएगी।

### किसान शिकायत निवारण पोर्टल शुरू

**धमतरी** । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के फसल बीमा से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए भारत सरकार द्वारा 21 जुलाई को 'किसान शिकायत निवारण पोर्टल' शुरू किया गया है। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि किसान बंधु टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर किसान शिकायत निवारण पोर्टल में फसल बीमा संबंधी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### आयुष्मान कार्ड से 26 हजार से अधिक लोग लाभान्वित

**धमतरी** । कलेक्टर पी.एस.एल्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक जून 2021 से 30 जून 2022 तक जिले के कुल 26 हजार 683 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया गया। इन हितग्राहियों को कुल 38 करोड़ 20 लाख 79 हजार 867 रूपये का निःशुल्क इलाज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.के.तुर्रे से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के सभी राशनकार्डधारी हितग्राही और परिवारों को डॉ.खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कुल लक्षित आठ लाख 28 हजार 276 के विरूद्ध छः लाख 16 हजार 656 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया है। इस तरह धमतरी जिला 74.5 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।

# श्याम सखी मंडल और अग्रवाल महिला मंडल ने सिंधारा तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया

जोहार छततीसगढ़- पत्थलगांव।



सिंधारा उत्सव इस वर्ष श्री श्याम मंदिर में सावन सुदी दूज को सिंधारा उत्सव धूम धाम से 30 जुलाई दिन शनिवार शाम को 3.30 बजे दादी के हांथों में मेहंदी लगाकर उत्सव मनाया गया 4 बजे सिंधारा उत्सव में दादी के भजन एवं राधा-कृष्ण के वेशभूषा में डांस किया गया 31 जुलाई को अग्रसेन भवन में तीज सिंधारा महोत्सव 2022 प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सावन सुंदरी महिलाओं के लिए हाउजी तंबोला

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक आयोजक किये जाते रहे हैं 31 जुलाई, 2022 को हरियाली तीज मनाई गई। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। यह उपवास स्त्रियां निरजला रखती हैं। शाम को पूजा पाठ करने के बाद पानी पीती हैं। इस त्योहार में महिलाएं सोलह सिंगार करके गौरी शंकर की पूजा अर्चना करती हैं। आपको बता दें कि हरियाली तीज में महिलाओं के मायके से सिंधारा आता है। अब आप सोचेंगे कि यह क्या होता है। विवाहित स्त्री के मायके से आने वाले साजो श्रृंगार के सामान को सिंधारा कहते हैं। इसमें कपड़े, खाने-पीने का सामान, सिंगार का सामान होता है। सिंधारा तीज के एक दो दिन पहले आ जाता है। इसके माध्यम से मायके वाले अपनी बेटी को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं। वहीं जिन लड़कियों की शादी तय हो गई रहती है उनके होने वाले ससुराल से सुहाग के सामान भेजे जाते हैं। इस व्रत को विवाहित स्त्रियों के अलावा लड़कियां भी रखती हैं एक अच्छे वर को पाने के लिए यह उपवास करने से अच्छे पति की मनोकामना पूर्ण होती है।

# कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय स्तर प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने माउंट आबू पहुंचे रायगढ़ सेवादल के सिपाही

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।




कांग्रेस पार्टी लगातार अपने संगठन को विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों और चिंतन शिविरों के माध्यम से एकजुट और मजबूत करने में लगी हुई है। जिसका नतीजा पिछले कुछ महीनों से पार्टी में दिखना भी प्रारंभ हो गया है। जिससे पार्टी में नई जान आ गई है और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के मन में असीमित उत्साह भर गया है। इस कड़ी को और आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस पार्टी की अग्रिम पंक्ति की संस्था एवं कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले कांग्रेस सेवादल का भी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 1 अगस्त से 3 अगस्त 2022 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर राजस्थान के माउंट आबू में आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए देशभर के कांग्रेस सेवादल के सिपाहियों का जमावड़ा होने जा रहा है, और एक नई ऊर्जा के साथ एक नए संगठन शक्ति के साथ शिविर से सभी लोग निकलेंगे और कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए अपने-अपने प्रदेशों और शहरों में काम करेंगे, क्योंकि आगामी विभिन्न राज्यों के विधानसभा और फिर लोकसभा चुनावों में देश विरोधी ताकतों को जड़ से उखाड़ कर फेकना अति आवश्यक हो गया है, क्योंकि इन्होंने देश को आज किस स्थिति में ला दिया है। यह किसी से भी छुपा नहीं है, और इस स्थिति को अगर कोई बदल सकता है तो वह कांग्रेस के अलावा और कोई हो नहीं सकता। इसलिए कांग्रेस पार्टी अपने आप को जितनी ज्यादा हो सके संगठित, मजबूत, एकजुट, अनुशासित करने के लिए तत्पर है। इसी कड़ी में इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए रायगढ़ कांग्रेस सेवादल के सिपाहियों का एक जत्था मुख्य संगठक शकील अहमद, जिला कांग्रेस सेवादल रायगढ़ शहर छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में लगभग 1700 किलोमीटर की 35 घण्टों की लंबी यात्रा करके अपने आप को प्रशिक्षित करने के लिए माउंट आबू पहुंच चुके हैं।

# पुलिस कर्मी बताकर दिनदहाड़े घर से नगदी एवं जेवर की चोरी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**आए दिन धरमजयगढ़ क्षेत्र में चोरी की छोड़ी बड़ी वारदात हो रही है। साइकिल, मोटरसाइकिल, बोर पंप, कबाड़ समान के साथ साथ घरों से रुपये एवं जेवरों की चोरी होने लगी है।**




धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बरतापाली में भी दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। जिसमें चोरों ने अपने आप को पुलिस विभाग का बताकर घटना को अंजाम दिया है। बरतापाली होटलपारा निवासी आनन्द कुमार राठिया पिता चैतराम पति पत्नी कृषि कार्य के लिए खेत गए थे। उनके अधेड़ उम्र के माता पिता घर में थे। शाम को लगभग 5 बजे दो मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग घर में आए। तब घर मे चैतराम अकेला था, उसकी पत्नी घर के पीछे तरफ कुछ काम कर रही थी। मोटरसाइकिल में आए तीनों ने अपने आप को पुलिस वाले बताकर चैतराम को कुछ सामान लेने बाहर भेज दिया। इसी बीच सूनेपन का फायदा उठाकर अलमारी में रखे नगदी लगभग 30 हजार रुपये एवं सोने चांदी के जेवर को लेकर चंपत हो गए। जब चैतराम घर वापस आया तो तीनों वहां नहीं थे। तब देखा कि अलमारी खुला हुआ है। तब पता चला कि घर से चोरी हो गई है। आसपास के लोगों को बताया तब तक तो चोर नौ दो ग्यारह हो गए थे। बाहर खड़े मोटरसाइकिल को कुछ लोगों ने देखा था। जिसमें केटीएम एवं होंडा साइन मोटरसाइकिल बताया जा रहा है।

## एक नजर

# राइसमिलर्स के विरुद्ध की गई कार्यवाही, धान और चावल जब्त



जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

भारतीय खाद्य निगम में समय पर चावल नहीं जमा करने वाले राइसमिलर्स के विरुद्ध खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही प्रारंभ की की गई है। इसी कड़ी में आज अकलतरा स्थित राधाकृष्ण राइसमिल में कार्यवाही करते हुए 170 क्विंटल धान एवम् 112 क्विंटल चावल की जब्ती बनाकर छ ग कस्टम मिलिंग उपार्जन आदेश 2016 के तहत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार जिले के ऐसे राइसमिलर जिनके द्वारा भारतीय खाद्य निगम में कस्टम मिलिंग चावल नियमित जमा नही किया जा रहा है उनका चिन्हाकन कर उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही किया जाना है। भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने में कोताही बरतने वाले राइसमिलर्स के विरुद्ध जिलाप्रशासन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। खाद्य निगम में चावल जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

# मृतक बालक के परिजनों से मिले कलेक्टर, प्रभारी अधीक्षक को किया निलंबित

**बीजापुर** । बालक आश्रम तामोड़ी में मलेरिया के कारण कक्षा दूसरी के छात्र की मृत्यु होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा आश्रम पहुंचकर मृतक बालक के परिजनों से मिले और इस दु:ख की घड़ी में परिजनों को सात्वनां दिया। वहीं लापरवाही बरतने वाले प्रभारी अधीक्षक मोतीराम कड़ती को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। आश्रम में 03 बच्चों को मलेरिया पॉजिटिव होने की बात पता चलने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में बेहतर ईलाज के लिए भेजा गया।

कलेक्टर श्री कटारा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रशांत कुशवाह को सभी आश्रम अधीक्षकों को तत्काल मीटींग कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने एवं इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने को कहा है। वहीं जिले के सभी आश्रमों में साफ-सफाई मच्छरदानी का अनिवार्यत: उपयोग एवं दवाई का छिड़काव करने के निर्देश दिए। भैरमगढ़ बीएमओ डॉ. आदित्य साहू को सभी आश्रम एवं पोटाकेबिन में उपस्थित सभी बच्चों का शत प्रतिशत मलेरिया जांच कराने एवं मलेरिया पॉजिटिव बच्चों को आश्रम मे न रखते हुए तत्काल अस्पताल में भर्ती कर डाक्टरों की निगरानी में बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने मलेरिया के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय को सख्ती से अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।

# अधिमान्यता समिति में जिले से तीन वरिष्ठ पत्रकार शामिल

### पांडे राज्य स्तरीय और जितेंद्र सचिन संभाग स्तरीय समिति में

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।







राज्य सरकार ने अलग-अलग अधिमान्यता समितियों में जिले के तीन वरिष्ठ पत्रकारों को शामिल किया है। जिसमें नांदगांव टाइम्स के संपादक अशोक पांडे, नवभारत के ब्यूरो चीफ जितेंद मिश्रा और हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सचिन अग्रहरि शामिल किए गए हैं। राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग ने पत्रकारों के हित में कार्य करने एवं निर्णय लेने के लिए संभाग एवं राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। राज्य स्तरीय कमेटी में नांदगांव टाइम्स के संपादक अशोक पांडे शामिल किए गए हैं। पूर्व में भी पांडे इस कमेटी में रहते हुए पत्रकारों के हित में काम कर चुके हैं। दुर्ग संभाग के लिए बनी अधिमान्यता समिति में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा और सचिन अग्रहरि सदस्य बनाए गए हैं। पूर्व में भी मिश्रा और अग्रहरि अधिमान्यता समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वरिष्ठ पत्रकारों को अधिमान्यता समिति में शामिल किए जाने पर पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# युवक ने चाकू से अधेड़ उम्र व्यक्ति के गले में किया वार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




युवक ने अधेड़ उम्र के व्यक्ति का गला रेत कर घायल कर दिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के जमरगी डी गांव का है। जहां सुबह मनीराम सारथी अपने साथियों के साथ बुधियार साय विश्वकर्मा के परछी में बैठे था। तभी गांव का ही युवक शंकरसिंह विश्वकर्मा हाथ में चाकू लेकर आया, और जान से मारने की नीयत से मनीराम सारथी के गले में चाकू से वार करने लगा। तभी साथ में बैठे लोगों ने बीच बचाव किया। चाकू के वार से मनीराम घायल हो गया। वहां उपस्थित लोगों ने 112 में डायल कर घटना की जानकारी दी। घायल को 112 की मदद से इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया। वहीं धरमजयगढ़ थाने में शिकायत की गई। जहां आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना में आरोपी युवक कुछ दिन से मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

### ग्राम नवलपुर में अतिक्रमणमण का मामला आया सामने

# ग्राम वासियों ने लगाया सतनामी समाज के लोगों के ऊपर अतिक्रमण का आरोप

### सामाजिक दृष्टिकोण के उद्देश्य से गरमाया हुआ मुद्दा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखंड के क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत भैसा मुड़ा जिसका आश्रित ग्राम नवलपुर जहां पर सतनामी समाज तथा आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं जहां पर समाज और समाज प्रतिद्वंदी के ऊपर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लग रहा है आज नवलपुर के ग्राम वासियों ने बताया कि 19/07/ 2022 को कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार,नवागढ़ थाना में आवेदन दिया गया जिसमें सार्वजनिक आम निसतारी भूमि गौठान एवं मुक्तिधाम को ग्राम के कुछ व्यक्तियों के द्वारा बलपूर्वक कब्जा कर कोठार बाड़ी के रूप में निस्तारित किया जा रहा है जिसकी देखाशिकी से अतिक्रमण की संख्या में बढ़ोतरी गांव वालों के द्वारा की जा रही है तथा आमनिसतारी भूमि में अतिक्रमण होने के कारण से ग्राम वासियों को निस्तारित कार्यों में भारी परेशानियां उत्पन्न हो रही है साथ ही साथ विवाद की स्थिति भी निर्मित होते दिख रही है जिस पर शासन से अतिक्रमण हटवाने की बात ग्राम वासियों के द्वारा आवेदन के रूप में कही गई तथा ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि अभी तालाब में पानी भर जाने के कारण गौठान के लिए आरक्षित जगह में भी भराव हो गया है अब पानी जाने की जगह भी नहीं बची है जिसके कारण कई सारी परेशानियां बढ़ रही है और पानी एकत्रित होने की वजह से बीमारी दुर्गंध,बदबू तथा ऐसी स्थिति में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होने की कगार पर है तथा ग्राम पंचायत में बैठे पदाधिकारियों के ऊपर भी इस तरह का बात निर्मित होने जैसा ही प्रतीत हो रहा है क्योंकि गांव की समस्या ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों के द्वारा बैठक करके विचार-विमर्श करके हल निकाला जाता है और इसी मसले को ध्यान में रखते हुए 14 जुलाई 2022 को ग्राम पंचायत में बैठक रखी गई थी कि बरसात के दिनों में पानी की भराव होने पर क्या होगा और पंचायत प्रस्ताव में यह बात साफ तौर पर लिखी गई थी कि अतिक्रमण को हटाना है जिस पर यह बात अभी आवेदन के माध्यम से अधिकारियों को दी गई अब देखने वाली बात यह होगी कि खबर के प्रकाशन के बाद आगे क्या अधिकारी मामले को संज्ञान में लेकर रिपोर्ट तैयार करके क्या कार्यवाही करते हैं क्योंकि मामला सामाजिक स्तर पर है ग्राम पंचायत स्तर पर है तथा सतनामी समाज के ऊपर भी कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं समाज के प्रमुखों का क्या कहना है अखबार अपने अगले अंक में वह भी प्रकाशित करेगी तथा अतिक्रमण कर रहे लोगों का वक्तव्य को सुनकर भी उनका पक्ष रखेगी खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में प्रकाशित की जाएगी।

# नागपंचमी पर देव किरारी में कबड्डी स्पर्धा व मेले का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत किरारी में नागपंचमी के त्यौहार पर वृहद मेला का आयोजन किया गया है, यह मेला रेलवे स्टेशन से दक्षिण पूर्व में 7 किलोमीटर दूर पर स्थिति ग्राम किरारी में प्रमुख दर्शनीय स्थल गुरुआइन दाई के नाम से प्रति वर्ष नाग पंचमी के दिन आमजन दूध लाई नारियल धुप अगरबत्ती से नाग देव का पूजन कर अपने जीवन को धन्य करते हैं ,क्योंकि यहां प्रत्यक्ष नागदेव का दर्शन होता है, जो की अलौकिक है ,ऐसी किवदंती है यह चबूतरा किसी शबरी के द्वारा श्रापित है,कहा जाता है डेढ़ दो सौ वर्ष पूर्व कि है। वर्त्तमान किरारी में हरियाली त्यौहार से नागपंचमी तक बीच से निश्चित ही नागदेव के प्रत्यक्ष दर्शन होते है इसी कारण श्रधालुओं का मेला लगता है।

यहाँ नागपंचमी के दिन प्रति वर्ष कई वर्षो से कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन कोरोना के कारण कबड्डी स्पर्धा व मेले का आयोजन नहीं हो रहा था 7इस वर्ष से कबड्डी स्पर्धा व मेले का आयोजन किया जा रहा जिसमे प्रतिद्वितीयभागी दूर दूर से आकर हिस्सा लेते है, कबड्डी प्रतियोगिता नि:शुल्क है, पंजीयन कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व उसी दिन किया जाता है। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम ग्यारह हजार ,शील्ड व बनियान ,द्वितीय इनाम सात हजार शील्ड व बनियान,तृतीय इनाम पांच हजार शील्ड व बनियान एवं सत्वाना पुरूस्कार आयोजन समिति के द्वारा प्रदान किया जायेगा। मेले व कबडडी को देखने के लिय आस-पास के साथ दूर दराज से भी भारी संख्या में लोग पहुचते है।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# आश्रम छात्रावास भ्रष्टाचार का केंद्र बना, आदिवासी छात्रों का किया जा रहा है शोषण - महेश गागड़ा

**बीजापुर** । बालक आश्रम तामोड़ी के एक छात्र की मलेरिया से मौत के बाद पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार की मलेरिया मुक्त प्रसार-प्रसार व सर्वे पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए स्थानीय विधायक व जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाया है। गागड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की प्रकल्पना रही आदिवास बच्चों को आवासीय शिक्षा देने की, जिस पर कांग्रेस की सरकार आते ही ग्रहण लग गया है। मलेरिया से हुई छात्र की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होनें कहा कि जिला प्रशासन आज पर्यंत तक पोटाकेबिन आश्रमों की व्यवस्थाओं का जायजा नही लिया है, सरकार बदलने के बाद से ही आश्रम पोटाकेबिन सिर्फ और सिर्फ सामग्री सप्लाई का केंद्र बना हुआ है यहां सिर्फ ठेकेदार, विधायक व प्रशासन का कमाई का जरिया बनकर रह गया है। गागड़ा ने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तब से मलेरिया व अन्य रोगों से ग्रसित हो रहे बच्चों के खानपान, शिक्षा व्यवस्था व स्वास्थ्य की नियमित जांच के लिए स्थानीय विधायक की ओर से व प्रशासन की तरफ से कोई देखरेख नही की गई है। उन्होने कहा कि आदिवासी बच्चों को आवसीय शिक्षा देने की पूर्व सरकार की प्रकल्पना थी जिस पर अब पलीता लगाते हुए बच्चों के भविष्य को अधर में छोड़ दिया गया है बच्चे बेमौत मरे सरकार और विधायक को कोई फर्क नही। पिछले दो वर्षों में सरकार एक ओर बस्तर में मलेरिया मुक्त का नारा देती है, व तमाम सर्वे में मलेरिया से निजात की बात की जाती है वहीं दूसरी ओर मलेरिया से होने वाली मौत सरकार की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। स्थानीय विधायक व प्रशासन को चाहिए कि वे व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बेहतर करे, इस प्रकार से आदिवासी बच्चों को मौत के मुंह में नही छोड़ सकते।

# पत्नी ने की थी पति की हत्या,छोटे भाई ने लिखाई थी एक्सीडेंट की झूठी रिपोर्ट

### आरोपी पत्नी गिरफ्तार, भाई हुआ फरार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

**सड़क दुर्घटना मामले में लैलूंगा पुलिस ने सभी पहलूओं पर सूक्ष्मता से जांच कर मृतक राम प्रकाश के हत्यारे तक पहुंच गई । घरेलू झगड़ा में राम प्रकाश की पत्नी उसके साथ झगड़ा, धक्का मुक्की की इस दौरान राम प्रकाश को आयी चोट से उसकी मौत हो गयी थी ।**




आरोपिया के अपराध को छिपाने मृतक के सगे छोटे भाई ने थाने जाकर उसके भाई की सड़क दुर्घटना में चोट आना और ईलाज के दौरान मौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया था ।8 जून 2022 को मृतक रामप्रकाश नागवंशी उम्र 45 वर्ष निवासी कर्राबेंवरा चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपुर का छोटा भाई राम प्रसाद नागवंशी मर्ग दर्ज कराया कि दिनांक 8 जून 2022 की सुबह 8 बजे रामप्रकाश घर से अकेला जंगल लकड़ी लेने गया था वापस घर आते समय करीब 11 बजे मेन रोड मोड़ ग्राम माडो थाना लैलूंगा के पास कोई अज्ञात मोटर सायकल का चालक ठोकर मार दिया। जिससे रामप्रकाश के हाथ पैर सिर में चोट लगा था जिसे अपने साधन से ईलाज के लिए लैलूंगा अस्पताल लाये थे। ईलाज के दौरान बड़ा भाई रामप्रकाश का मृत्यु हो गया है । प्रार्थी के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पर से दिनांक 25 जून 2022 को अज्ञात मोटर सायकल चालक के विरूद्ध धारा 304ए भादवि का अपराध दर्ज किया गया ।अपराध विवेचना के दौरान गवाहों से पूछताछ में कई विरोधाभाषी तथ्य सामने आया, लोगों की सुगबुगाहट, चर्चा से मामला संदिग्ध जान थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम अपराध डायरी अपने हस्ते लेकर एसडीओपी दीपक मिश्रा से मार्गदर्शन लेकर गवाहों से बारीकी से पूछताछ किया गया ।पुलिस के सूत्रों से थाना प्रभारी को मृतक रामप्रकाश को घर से एम्बुलेंस से लेकर जाने की बात की जानकारी हुई ।प्रथम दृष्टिया मृतक की पत्नी सावित्री नागवंशी और उसके भाई राम प्रसाद पर संदेह हुआ । रामप्रसाद पुलिस से दूरी बनाये था । सावित्री नागवंशी से घटना के संबंध में महिला आरक्षकों के समक्ष कड़ी पूछताछ करने पर घटना की असलीयत बताई कि घटना दिनांक 8 जून 2022 को रामप्रकाश नागवंशी और उसके बीच खाना बनाने की बात को लेकर आपस में झगड़ा विवाद हुआ था जिस पर रामप्रकाश घर के बर्तन को निकाल कर बाहर फेंकने लगा और सावित्री को मारपीट करते हुए उसके गला को दबा दिया था जिसके कारण सावित्री अपने आप को छुड़ाने के लिए जोर से राम प्रकाश को धक्का दी जिससे रामप्रकाश घर के दरवाजा के चौखट पर टकराने से सिर माथे में चोट लगने से बेहोश होकर गिर गया, खून निकलने लगा जमीन में खून के छिंटो को सावित्री लिपाई कर दी ।कुछ देर बाद सावित्री का देवर रामप्रसाद बस्ती तरफ से घर वापस आया जिसे सावित्री घटना के बारे में बताई ।रामप्रसाद षडयंत्र पूर्वक अपने भाभी सावित्री के साथ मिलकर रामप्रकाश को लकड़ी लाने के लिए जंगल जाना और वापस आते समय अज्ञात मोटरसाइकिल के ठोकर से एक्सीडेंट हो जाने और इलाज दौरान मौत हो जाने की झूठी रिपोर्ट थाना जाकर दर्ज कराया । आरोपिया सावित्री नागवंशी पति राम प्रकाश नागवंशी उम्र 35 साल के मेमोरेंडम कथन पर घटना को स्वीकार की जिस पर प्रकरण में धारा 302, 201, 120(बी), 193, 34 भारतीय दंड विधान की धारा बढ़ाते हुये आरोपिया को 28 जुलाई 2022 के रात्रि गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । वहीं आरोपी रामप्रसाद नागवंशी फरार है । प्रकरण का खुलासा करने में थाना प्रभारी एनआर. मरकाम, उप निरीक्षक बलदेव साय पैंकरा, सउनि चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक भुखला राम भगत, आरक्षक जॉन टोप्पो की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in